CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 120 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 20 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 पेज 8+St

## भजनलाल शर्मा के खनन और कोयला क्षेत्र के विकास को गति देने के प्रयास, केंद्रीयमंत्री जी. किशन रेड्डी और मुख्यमंत्री के बीच मैराथन बैठक

### केंद्रीय खान और कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने खनन क्षेत्र में भजनलाल सरकार के कार्यों की तारीफ की और कहा खनन क्षेत्र में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है,

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में विभिन्न तरह के खनन के अपार भंडार हैं इस बात को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सार्वजनिक रूप से भी कई बार कह चुके हैं कि राजस्थान में खनन के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं और प्रदेश में खनन के क्षेत्र में इन्वेस्ट करने वाले लोगों को तो फायदा होगा ही। इसके अलावा सरकार को भी आर्थिक संबल मिलेगा इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के खनन क्षेत्र को गति देने के लिए सतत रूप से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए सरकार ने कई तरह की नीतियां भी बनाई है इसके अलावा सरकार केंद्र सरकार से भी बराबर समन्वय और तालमेल बनाते हुए प्रदेश में खनन क्षेत्र के विकास को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी जयपुर आए और मुख्यमंत्री आवास पर उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की मुख्यमंत्री आवास पहुंचने पर मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी को गुलदस्ता देकर उनका शानदार तरीके से वेलकम किया। बाद में दोनों नेताओं के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई इस बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के अलावा खान और कोयला विभाग के प्रदेश के सभी बड़े अधिकारी तथा केंद्र से आए अधिकारी भी शामिल हुए बैठक में केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने प्रदेश में खनन क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को लेकर काफी खुशी जताई और यह कहा कि राजस्थान खनन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन उन्होंने कोयला और खनन क्षेत्र से जुड़ी बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन को निर्धारित समय पर संपादित करने को भी कहा बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर बताया कि सरकार कोयला और खान क्षेत्र में पारदर्शक और बुनियादी ढांचे के विकास पर पूरा फोकस रखे हुए हैं और हमारी सरकार केंद्र सरकार के साथ अच्छा समन्वय और तालमेल बनाते हुए कार्य कर रही है । मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश में खान विभाग के बड़े अधिकारियों ने प्रदेश में खनन के क्षेत्र में किया जा रहे कारों और गतिविधियों के बारे में प्रभावपूर्ण तरीके से जानकारी प्रस्तुत की बैठक में प्रदेश के अधिकारियों ने प्रत्येक जिला स्तर पर खनन की उपलब्धता, खनन के दोहन की संभावना इत्यादि के बारे में केंद्रीय मंत्री को विस्तार से बताया और प्रदेश में भूगर्भ सर्वेक्षण गतिविधियों की बारीकी से जानकारी दी इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी खनन के क्षेत्र में प्रदेश में अपार संभावनाओं के बारे में प्रभावी रूप से अपनी बात रखी और यह बताया कि राजस्थान में प्रदेश भर में विभिन्न तरह के खनन के अपार भंडार हैं जिनका समुचित तरह से दोहन किया जाए तो प्रदेश और देश के विकास के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है । मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में खनन के क्षेत्र मे निवेश के अपार संभावनाएं बताते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान के आयोजन में भी प्रदेश में खनन के क्षेत्र में बड़ी संख्या में समझौते हुए हैं उन पर तेजी से कार्य चल रहा है इसके लिए सरकार ने विशेष नीति भी बनाई है। कुल मिलाकर मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुई यह बैठक निश्चित रूप से प्रदेश में खनन के क्षेत्र में विकास को नई दिशा और गति देने वाली है क्योंकि इस बैठक की गंभीरता को इस तरह से भी समझा जा सकता है कि केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी पूरी तैयारी के साथ दिल्ली से यहां भजनलाल शर्मा से बातचीत करने के लिए आए थे अपने साथ केंद्र से खान और कोयला विभाग के बड़े अधिकारियों की एक टीम के साथ पहुंचे थे और काफी देर तक राजस्थान और केंद्र की टीमों ने संयुक्त रूप से वार्तालाप करके राजस्थान खनन और कोयला क्षेत्र को और डेवलप करने के विषय पर गंभीरता से चर्चा की है। जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जब भी दिल्ली जाते हैं वहां हमेशा प्रदेश के विकास को गति देने के प्रयास में केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ लगातार संवाद और चर्चा करके उन्हें जयपुर आने का निमंत्रण भी देते हैं ताकि बातचीत का यह दौर चला रहे और बातचीत के इस सुनहरे सफर में प्रदेश के विकास को भी गति मिलती रहे मुख्यमंत्री शर्मा की रिक्वेस्ट पर ही केंद्रीय खान मंत्री किशन रेड्डी जयपुर आए और फिर उन्होंने जिस तरह से यहां मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ लंबी चर्चा की उससे साफ चाहिए कि केंद्र सरकार भी प्रदेश के खनन क्षेत्र को डेवलप करने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही ।

## सीएम भजनलाल शर्मा से कई मंत्री और विधायक मिले, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को सरकार के मंत्रियों और पार्टी के कई विधायकों ने मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की, मुलाकात के दौरान विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की विधायकों ने सरकार की ओर से संचालित किया जा रहे विकास कार्यों के बारे में मुख्यमंत्री को पूरा फीडबैक दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायकों से बातचीत के दौरान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी विधायकों से सवाल जवाब किया और फीडबैक लिया मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के विधायकों से ग्राम विकास रथ और ग्रामीण चौपाल कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की और ग्रामीण विकास रथ यात्रा के बारे में विधायकों से फीडबैक भी लिया जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार को सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, भाजपा विधायक बाबू सिंह राठौड़, महंत बालक नाथ संदीप शर्मा,गोपीचंद मीणा, आदुराम मेघवाल, भागचंद सहित कई अन्य विधायकों ने मुलाकात की है, मंगलवार को बड़ी संख्या में पार्टी के विधायकों के मुख्यमंत्री आवास पर जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के इस विषय को लेकर राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चाएं भी सुनने को मिल रही है लेकिन जानकार लोगों का कहना है कि अभी हाल ही में प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश भर में ग्राम विकास रथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के अधिकांश विधानसभा क्षेत्र में ग्राम विकास रथ यात्रा निकाली गई इसलिए इस यात्रा के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा विधानसभा वार फीडबैक लेने का प्रयास कर रहे हैं इसलिए अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के बारे में तमाम तरह की जानकारियां उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे थे । मुख्यमंत्री ने भी विधायकों से उनके क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के बारे में बारीकी से फीडबैक लिया जानकार लोगों का यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले दिनों से लगातार रात्रि चौपाल के कार्यक्रमों का प्रदेश भर में आयोजन कर रहे हैं इसलिए पार्टी के विधायक भी यह चाहते हैं कि उनके क्षेत्र में मुख्यमंत्री शर्मा का रात्रि चौपाल का कार्यक्रम हो । शायद इस वजह से भी विधायक मुख्यमंत्री से रिक्वेस्ट करने के लिए मंगलवार को पहुंचे होंगे लेकिन कहा यही जा रहा है कि ग्राम विकास रथ, रात्रि चौपाल, सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट घोषणा, संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विधायकों और मुख्यमंत्री के बीच बातचीत हुई है इसके अलावा विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की डिमांड को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री शर्मा से मुलाकात करके ऊर्जा विभाग के कामकाज के बारे में विस्तार से अवगत करवाया विभाग की गतिविधियों के बारे में पूरा फीडबैक दिया, बिजली उत्पादन, बिजली की उपलब्धता, बिजली की वितरण व्यवस्था इत्यादि के बारे में ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री को विस्तार से रिपोर्ट दी इसके अलावा सौर ऊर्जा से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर भी मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री के बीच में बातचीत हुई उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और आने वाले दिनों में गर्मी और भी ज्यादा होने वाली है ऐसे में बिजली की डिमांड पहले की तुलना में कई ज्यादा बढ़ गई है इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने पिछले दिनों पानी और बिजली विभाग के अधिकारियों को साफ निर्देशित किया था कि प्रदेश में बिजली और पानी की सप्लाई निरंतर जारी रखा जाए और लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए इसलिए मंगलवार को मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री के बीच ऊर्जा से जुड़े सभी छोटे-बड़े विषयों को लेकर काफी देर तक चर्चा हुई ।

## राजस्थान में तापमान 46 डिग्री के पार, 12 जिलों में पड़ेगी लू की मार!

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** राजस्थान भीषण गर्मी की चपेट में है. पिलानी और चित्तौड़गढ़ में तापमान 46 डिग्री पार हो गया है. इन दोनों जिलों में पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया. राज्य के लगभग सभी शहरों में अधिकतम तापमान 41 डिग्री से ऊपर रहा. राजधानी जयपुर में भी 43.6 डिग्री दर्ज किया गया. हीटवेव के अलर्ट को देखते हुए अगले 4-5 दिन लोगों की परेशानी बढ़ सकती है. मंगलवार (19 मई) के लिए 7 जिलों में लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है. जबकि 5 जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है. मौसम विभाग के अनुसार, श्रीगंगानगर में तापमान 46.1 डिग्री बना हुआ है. बीकानेर में पारा 46, वनस्थली में 45.6, फतेहपुर में 45.5, कोटा में 45.3, बाड़मेर और चूरू में 45.1 डिग्री दर्ज किया गया.।बारां, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, बालोतरा, जोधपुर और श्रीगंगानगर में येलो अलर्ट है. वहीं, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर और फलोदी में लू का ऑरेंज अलर्ट है.

## भजन लाल शर्मा कल धंबोला में कर करेगें रात्रि चौपाल का आयोजन, प्रशासन और पुलिस तैयारी में व्यस्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कल डूंगरपुर जिले के धम्बोला में रात्रि चौपाल का आयोजन करेगें। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री शर्मा कल धंबोला में रात्रि चौपाल का आयोजन करने जा रहे हैं इस तरह की सूचना मिलने के बाद डूंगरपुर जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से भी मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम के मध्य नजर तैयारी शुरू कर दी गई है । भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े स्थानीय नेता भी मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को शानदार तरीके से संपादित करवाने के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं और लोगों को रात्रि चौपाल में आने के लिए निमंत्रण भी दे रहे हैं । भले ही प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही हो और राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में दिन और रात का तापमान पिछले सालों के रिकॉर्ड तोड़ रहे हो लेकिन इस भीषण गर्मी में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गांव गांव जाकर लोगों के साथ रात्रि में सामूहिक संवाद करते हैं । अपने इस रात्रि चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की तकलीफों को सुनते हैं लोगों की तकलीफें सुनकर उनका निवारण भी करवाते हैं और लोगों से सुझाव भी लेते हैं पिछले दिनों में मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश में अलग-अलग जगह पर जाकर रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया है जिसमें उन्होंने महिलाओं किसान युवा ग्रामीणों के साथ विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की है और चर्चा के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी फीडबैक लिया है बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा लोगों से उनकी सलाह और सुझाव भी लेते हैं और लोगों से यह भी पूछते हैं कि सरकार से उन्हें और क्या उम्मीद है सरकार से उन्हें और क्या चाहिए बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा हर रात्रि चौपाल में महिलाओं से भी खुलकर बातचीत करते हैं । केंद्र की मोदी सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए किए गए विभिन्न तरह के कार्यक्रमों और योजनाओं का जिक्र करके महिलाओं को यह बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश के शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद महिलाओं की कई बड़ी-बड़ी तकलीफों को दिल से महसूस किया और उन्हें दूर किया जिसमें मुख्यमंत्री शर्मा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हर घर नल हर घर जल योजना, जनधन खाते खुलवाना, उज्जवला गैस योजना शौचालय का निर्माण, लखपति दीदी ऐसी अनेकों योजनाओं का जिक्र करके महिलाओं को यह बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए शुरू से ही सतत रूप से कार्य कर रहे हैं बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा पिछले सवा दो साल में राजस्थान सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए किए गए कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताते हैं इसके अलावा युवाओं और किसानों के लिए सरकार ने पिछले सवा दो साल में जितने भी कार्य किए हैं उन सब के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हैं मुख्यमंत्री शर्मा कई घंटे तक इस रात्रि चौपाल का आयोजन करते हैं और ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित भी दिख रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा का व्यवहार और उनका सरल सहज अंदाज देखकर ग्रामीण भी काफी अचरज में पड़ जाते हैं । राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के रात्रि चौपाल कार्यक्रम को देखकर प्रदेश के जिला कलेक्टर भी रात्रि चौपाल कार्यक्रम को लेकर पहले की तुलना में ज्यादा गंभीर हुए हैं और प्रदेश में विभिन्न जिलों में जिला कलेक्टर अब लगातार रात्रि चौपाल का आयोजन कर रहे हैं क्योंकि जब प्रदेश के जिला कलेक्टर यह देखते हैं कि भीषण गर्मी में सरकार का मुखिया ही गांव-गांव जा रहा है, ग्रामीणों के साथ भोजन कर रहा है और फिर गांव में ही रात्रि विश्राम भी कर रहा है तो फिर जिला कलेक्टर होने के नाते उनकी यह पहली जिम्मेदारी बनती है कि वह भी गांव-गांव जाएं और लोगों की समस्याओं का निराकरण करें इसीलिए प्रदेश में विभिन्न जिलों के कलेक्टर पिछले कुछ दिनों से लगातार रात्रि चौपाल का आयोजन करते हुए नजर आए ।

### राजस्थान को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में विश्व स्तर पर मिला प्रथम सम्मान

## सरकार की जनस्वास्थ्य को लेकर प्रतिबद्धता का परिणाम यह सम्मान- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर

राजस्थान ने तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा वर्ष 2026 के 'वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड' के तहत राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया है। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में राजस्थान को यह प्रतिष्ठित सम्मान डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2025-26 में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान राज्य सरकार की जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता, प्रभावी नीतियों तथा तम्बाकू मुक्त राजस्थान के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन विशेषकर युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। यह सम्मान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, चिकित्सा कर्मियों एवं सामाजिक संगठनों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान ने तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में देशभर में एक मॉडल स्थापित किया है। राज्य में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं का व्यापक विस्तार किया गया है, जिसका लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी जनजागरूकता और प्रभावी कानून प्रवर्तन के माध्यम से तम्बाकू नियंत्रण अभियान को और मजबूत करेगी। राज्य में ब्लॉक स्तर तक 500 से अधिक तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों को जियो-टैग कर आमजन की सुविधा के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है ताकि जरूरतमंद व्यक्ति निकटतम केंद्र तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही, 'सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003' तथा 'इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम-2019' के तहत प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तम्बाकू निषेध से जुड़े 60 हजार से अधिक संदेश अपडेट्स, शेयरिंग कर व्यापक स्तर पर अभियान चलाए गए।




CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
20 मई, 2026

## जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर आमजन पेयजल संबंधी शिकायत व परिवेदनाएं दर्ज करा सकते है

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मिनी सचिवालय में संचालित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0144-2338000 पर आमजन पेयजल संबंधी शिकायतों एवं परिवेदनाओं को दर्ज करा सकते है। कंट्रोल रूम के प्रभारी सहायक निदेशक, लोक सेवाएं, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग सुरेन्द्र कुमार शर्मा नियुक्त है।

## आधुनिक खेती को बढ़ावा देने जगता बसई पहुंचे जिला कलक्टर

### पॉलीहाउस का निरीक्षण कर किसानों को योजनाओं का अधिक लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने मंगलवार को पंचायत समिति किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत जगता बसई का दौरा कर उद्यान विभाग द्वारा अनुदानित पॉलीहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पॉलीहाउस में की जा रही आधुनिक खेती, सब्जी उत्पादन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा किसानों से संवाद कर खेती में नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने किसानों से पॉलीहाउस योजना से प्राप्त लाभ, उत्पादन क्षमता एवं बाजार उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विभागों की विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर किसान आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से ड्रिप सिंचाई, पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस, फलदार पौधारोपण एवं जैविक खेती जैसी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र किसानों को योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा आवेदन एवं स्वीकृति प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली फसलों का उत्पादन कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक उद्यान विभाग गोपाल मीणा, उद्यान विभाग के कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## गंगा अभिषेक के लिए भक्तों का जत्था हरिद्वार होगा रवाना

### त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में 125 श्रद्धालु करेंगे गंगा स्नान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** समिति के तत्वावधान में गंगा दशहरा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 125 श्रद्धालुओं का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना होगा। समिति अध्यक्ष महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि 20 मई को शाम 7:15 बजे श्री त्रिपोलिया महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भक्तों का जत्था हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगा। जत्था तड़के हरिद्वार पहुंचेगा। हरिद्वार पहुंचकर सभी भक्त गंगा स्नान करेंगे। स्नान के पश्चात मां गंगा का पूजन एवं अभिषेक पहरावणी कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम को सभी श्रद्धालु मां गंगा की महाआरती में सम्मिलित होंगे। रात्रि भोजन के पश्चात जत्था हरिद्वार से अलवर के लिए प्रस्थान करेगा। हरिद्वार से लाए गए पवित्र गंगाजल से गंगा दशहरा महापर्व 25 मई के दिन श्री त्रिपोलेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को निशुल्क गंगाजल का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा।




### अलवर पुलिस का विशेष अभियान सफल

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई, 366 वाहन जब्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** बेहतर सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाने के उद्देश्य से अलवर पुलिस द्वारा चलाए गए तीन दिवसीय विशेष अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 366 वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून एवं व्यवस्था), राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार 16, 17 एवं 18 मई 2026 को प्रतिदिन शाम 6 बजे





से रात 11 बजे तक जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना था। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ. दीपक कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका के निर्देशन में जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस टीमों ने ब्रेथ एनालाइजर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों की सहायता से व्यापक जांच अभियान चलाया। विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहन चालकों की जांच की गई तथा शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए लोगों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान की गई सघन चेकिंग एवं प्रवर्तन कार्रवाई के परिणामस्वरूप कुल 366 वाहनों को जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। अलवर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय नशे का सेवन न करें तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग दें।

## जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

### राजस्व संबंधित कोर्ट केसेज एवं प्रकरणों का समयबद्ध करें निस्तारण - जिला कलक्टर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीसी के माध्यम राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधित कोर्ट केसेज, राजस्व प्रकरणों एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के निस्तारण की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर कार्य करते हुए बकाया राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित राजस्व संबंधी कोर्ट केसेज की विस्तृत समीक्षा कर निर्देशित किया कि उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार लंबित कोर्ट केसेज का निर्धारित रुल्स के अनुसार समयबद्धता से निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए की न्यायिक अधिकारियों के कार्यालय एवं आवासीय भवनों हेतु भूमि आवंटन के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर प्राथमिकता से भूमि आवंटन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व वाद निस्तारण, जीसीएमएस पोर्टल की स्थिति, भूमि संपरिवर्तन प्रकरण, आम रास्ते, सीमाज्ञान, कुर्रेजात रिपोर्ट इत्यादि की समीक्षा कर संबंधित उपखण्ड अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिये कि प्रत्येक परिवाद में परिवादी से संपर्क कर संतुष्टिदायक समाधान करावें एवं उपखंड अधिकारी संपर्क पोर्टल के परिवादों की नियमित रूप से साप्ताहिक समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई परिवादों एवं स्टार मार्क के बकाया प्रकरणों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिदायक समाधान करवाएं।
बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, एसडीएम माधव भारद्वाज मौजूद रहे एवं समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी वीसी के माध्यम से जूडे।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजनः

## महिलाओं की सुरक्षा, मानव तस्करी एवं व्यावसायिक यौन शोषण से संबंधित कानूनों की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के निर्देशानुसार मंगलवार को सरकारी पुस्तकालय, एस एम डी सर्किल लाइब्रेरी अलवर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पी एल वी रेखा महलावत ने महिलाओं की सुरक्षा, मानव तस्करी एवं व्यावसायिक यौन शोषण से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। शिविर के दौरान घरेलू हिंसा, यौन हिंसा की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, पीड़ित सहायता सेवाओं एवं महिला संरक्षण अधिनियमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर तथा निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में वे किस प्रकार कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह, दहेज प्रथा, पोक्सो एक्ट,मानव तस्करी एवं साइबर अपराध जैसी सामाजिक समस्याओं के प्रति भी जागरूक किया गया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के महत्व एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देकर प्रोत्साहित किया गया। और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की। अंत में उपस्थित लाभार्थियों की समस्याओं को सुनकर उन्हें उचित कानूनी परामर्श प्रदान किया गया तथा सभी को कानून के प्रति जागरूक रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं बालिका ओर महिलाओं को सम्मान के साथ जीने और सही मार्ग अपना कर अपने परिवार समाज और देश का गौरव बनने, मान सम्मान बढ़ाने की अपील की।

## जिले में जनजाति गरिमा उत्सव के तहत आज विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर आयोजित

### एक ही स्थान पर होंगे आमजन के मूलभूत काम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में 25 मई तक चलाए जा रहे जनजाति गरिमा उत्सव के तहत 'जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के तहत 20 मई को जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे।

### 20 मई को यहां होंगे शिविर आयोजित

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अभियान के तहत 20 मई को पंचायत समिति रैणी की ग्राम पंचायत परबैणी के लिए गांव परबैणी, ग्राम पंचायत भूलेरी के लिए गांव भूलेरी में, ग्राम पंचायत पाटन के लिए गांव ओडपुर एवं ग्राम पंचायत जामडोली के लिए गांव जामडोली में, पंचायत समिति राजगढ की ग्राम पंचायत थाना के लिए गांव खरखडा, ग्राम पंचायत पलवा के लिए गांव डाबला मीना, ग्राम पंचायत सुरेर के लिए गांव सुरेर एवं ग्राम पंचायत भजेडा के लिए गांव भजेडा में, पंचायत समिति थानागाजी की ग्राम पंचायत भीकमपुरा के लिए गांव गोपालपुरा एवं ग्राम पंचायत क्यारा के लिए गांव क्यारा, पंचायत समिति कठूमर की ग्राम पंचायत भनोखर के लिए भनोखर एवं ग्राम पंचायत रोनीजाथान के लिए गांव मान्या का बास, पंचायत समिति लक्ष्मणगढ की ग्राम पंचायत खोहरा मलावली के लिए गांव खोहरा मलावली एवं ग्राम पंचायत रसूलपुर के लिए रसूलपुर, पंचायत समिति रामगढ की ग्राम पंचायत सैंथली के लिए गांव नयाबास में शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सिकल सेल बीमारी की जांच व अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान कार्ड, जनधन खाता, बीमा कवरेज, सामाजिक सुरक्षा (वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन), रोजगार और आजीविका योजनाएं (मनरेगा, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा ऋण), महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित योजनाओं का लाभ जनजातीय वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही कैम्प के दौरान आदि सेवा केंद्रों पर जनसुनवाई आयोजित की जाकर समस्याओं का निराकरण किया जावेगा।

## पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर आयोजित

### सीबीसी, ब्लड शुगर, ईसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं, विशेषज्ञों ने दिया स्वास्थ्य एवं फिटनेस का परामर्श





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को टैल्को सर्किल स्थित हरीश हॉस्पिटल में विशेष निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) डॉ. दीपक कुमार के सहयोग तथा डॉ. हरीश गुप्ता (एमडी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पुलिसकर्मियों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें कीं। शिविर के दौरान सीबीसी, ब्लड शुगर, लीवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, रक्तचाप (बीपी), ईसीजी एवं नेत्र परीक्षण सहित कई महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं। चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक परामर्श प्रदान किया तथा जरूरतमंदों को दवाइयां भी उपलब्ध कराई। इसके साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता, तनाव प्रबंधन, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं फिटनेस बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि पुलिस जवानों का स्वास्थ्य एवं फिटनेस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से न केवल कार्यक्षमता में वृद्धि होती है, बल्कि विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान और रोकथाम भी संभव हो पाती है। पुलिस विभाग ने भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि पुलिसकर्मी स्वस्थ, सुरक्षित और सक्षम रहकर अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

## वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा सरिस्का का 'अनुभूति कार्यक्रम'

### 52 विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों से 7,447 विद्यार्थी एवं 334 शिक्षक लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरिस्का टाइगर रिजर्व, अलवर द्वारा संचालित 'अनुभूति कार्यक्रम' के अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष नवाचार कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। सरिस्का बाघ परियोजना की परिधि में आने वाले सरकारी एवं निजी विद्यालयों, इंटर कॉलेजों तथा डिग्री कॉलेजों में सरिस्का की टीम द्वारा लगातार जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत अब तक 52 विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनसे करीब 7,447 छात्र-छात्राएँ तथा 334 शिक्षक लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व, बाघ एवं अन्य वन्यजीव प्रजातियों की पर्यावरणीय भूमिका, प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छ पर्यावरण तथा मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व की अवधारणा के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस नवाचार आधारित पहल में प्रोजेक्टर एवं पीपीटी प्रस्तुति, संवादात्मक कार्यशालाएँ, सहभागिता आधारित गतिविधियाँ, वन्यजीव एवं पर्यावरण विषयक लघु फिल्मों का प्रदर्शन, पोस्टर एवं चित्र प्रदर्शनी तथा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को रोचक और प्रभावी तरीके से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। सरिस्का क्षेत्र के आसपास स्थित शिक्षण संस्थानों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय का इस अभियान को व्यापक सहयोग मिल रहा है। वन विभाग का मानना है कि यह कार्यक्रम वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।






## कार्यालय ग्राम पंचायत बडाबर प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

क्रमांक ग्रापब / 2026-27/17 दिनांक 18/05/2025

### आपत्ति नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बडाबर पंचायत समिति सुजानगढ़ द्वारा निम्नाकिंत प्रार्थियों के कब्जासुदा भूमि के आवासीय पट्टे जारी किये जा रहे हैं । इस संबंध में किसी भी निकट पड़ोसीए रिश्तेदार, भाई बंधु को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो ग्राम पंचायत में स्वयं उपस्थित होकर या रजिस्टर डाक द्वारा आपत्ति आगामी 30 दिवस में दर्ज करवा सकता है। मियाद समय पुरा होने के उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.स | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | जाति | ग्राम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जयपाल नाई | रतन राम नाई | नाई | जिन्दरासर |
| 2. | मनोज कुल्हरी | नोपराम | जाट | जिन्दरासर |
| 3. | छोटाराम | पुसाराम | जाट | जिन्दरासर |
| 4. | छगन लाल | हणमानाराम नाई | नाई | जिन्दरासर |
| 5. | प्रहलाद | परमाराम | जाट | जिन्दरासर |
| 6. | गणपत राम | कुशलाराम | मेघवाल | बडाबर |
| 7. | प्रकाश चंद | राजकुमार | गिंवारिय | बडाबर |
| 8. | भैराराम | रूपाराम | बावरी | बडाबर |
| 9. | केशरराम | धन्नाराम | वाल्मिकी | बडाबर |

ग्रामम विकास अधिकारी.
ग्राम पंचायत बडाबर
प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

प्रशासक
ग्राम पंचायत बडाबर
प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

# राजस्थान विधान सभा के 75वें वर्ष में होगे चार बडे कार्यक्रम - देवनानी

## राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा की बैठक में तय हुई कार्यक्रमों की रूपरेखा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष बासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा के 75वें वर्ष में चार बड़े कार्यक्रम होगे। एक वर्ष तक चलने वाले अमृत महोत्सव के तहत होने वाले समारोह ऐतिहासिक और गौरवशाली होगे। यह उत्सव विधायिका को समर्पित होगा। समारोह की विशिष्टता के अनुरूप देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रमों में संसदीय और संविधान विशेषज्ञों के विशेष सत्र होंगे। सभी समारोहों में राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रीगण आमंत्रित होंगे। देवनानी ने कहा कि यह अमृत महोत्सव लोकतंत्र के इतिहास, वर्तमान और भविष्य को एक सूत्र में जोड़ने बाला ऐसा राष्ट्रीय आयोजन होगा, जिसमें अनुभव, परंपरा, नवाचार, महिला, युवा ऊर्जा और जनविश्वास एक साथ दिखाई देंगे। यह आयोजन भारतीय संसदीय लोकतंत्र की गौरवशाली आत्मा का उत्सव होगा। स्पीकर देवनानी मंगलवार को यहां विधान सभा में राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ राजस्थान शाखा की कार्यकारिणी समिति की बैठक में राजस्थान विधान सभा के 75वें वर्ष में आयोजित किये जाने वाले समारोहो की चर्चा कर रहे थे। स्पीकर देवनानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ राजस्थान शाखा के उपाध्यक्ष टीकाराम जूली, संघ के सचिव एवं विधायक संदीप शर्मा, कार्यकारिणी समिति के सदस्य विधायक पुष्पेन्द्र सिंह, श्रीचन्द कृपलानी, शौभा चौहान, हरिमोहन शर्मा, हमीर सिंह भायल और देवी सिंह शेखावत सहित विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री भारत भूषण शर्मा भी मौजूद रहे।

पूर्व एवं वर्तमान विधायकों का सम्मेलन- बैठक में तय किया गया कि जुलाई माह में होना बाला प्रथम कार्यक्रम राजस्थान की पहली से सोलहवीं विधान सभा तक के पूर्व एवं वर्तमान सदस्यों का विशाल सम्मलेन होगा, जिसमें लोकतंत्र की ऐतिहासिक यात्रा को जीवंत किया जाएगा। महत्वपूर्ण एवं उत्कृष्ट कानूनों, सामाजिक परिवर्तनकारी निर्णयों और संसदीय परंपराओं की समीक्षा की जाएगी। समारोह में पूर्व विधान सभा अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और वरिष्ठतम सदस्यों का विशेष सम्मान होगा। लोकतंत्र के सफर के अनुभव और चुनौतियों, विधायी बिरासत, सदन की गरिमा और विधान सभा के डिजिटल रूपान्तरण पर भी सम्मेलन में चर्चा होगी। महिला विधायकों का सम्मेलनः- अक्टूबर माह में दूसरा कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित होगा। इसमें देशभर की महिला विधायक आयेगी। समाज से सदन तक में भूमिका निभाने वाली महिला विधायकों के विकासबादी दृष्टिकोण, नीति निर्माण और प्रशासन में महिलाओं की बढती भागीदारी के साथ पूर्व महिला विधायकों के अनुभवों और युवा महिला विधायकों की आकांक्षाओं पर भी चर्चा होगी। युवा जानेगें संसदीय शिष्टाचारः- अमृत महोत्सव के तहत देश की युवा शक्ति को लोकतंत्र की जड़ों से जोडने और संविधान के प्रति जागरूक करने के लिए संसदीय शिष्टाचार की जानकारी दी जायेगी। जनवरी में प्रस्तावित समारोह में विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में संविधान जागरूकता पर प्रतियोगिताओं में चयनित छात्र युवा संसद में भाग लेंगे। अखिल भारतीय विधायी महाकुंभः- श्री देवनानी ने कहा कि अमृत उत्सव का भव्य समापन अखिल भारतीय विधायी महाकुंभ होगा। राजस्थान दिवस 2027 को प्रस्तावित महाकुंभ में देशभर के विधायी नेतृत्व की सहभागिता होगी। राज्यों के विधानमंडलों, अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सचिवों को भी समारोह में बुलाया जायेगा।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु भावनगर टर्मिनस -शकूरबस्ती- भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु भावनगर टर्मिनस- शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09257, भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 29.5.26 से 26.6.26 तक (5 ट्रिप) भावनगर टर्मिनस से प्रत्येक शुक्रवार को 14.20 बजे रवाना होकर अगले दिन 10.55 बजे शकूरबस्ती पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09258, शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 30.5.26 से 27.6.26 तक (5 ट्रिप) शकूरबस्ती से प्रत्येक शनिवार को 13.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 8.50 बजे भावनगर टर्मिनस पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में भावनगर परा, सिहोर गुजरात, धोला, बोटाड, धंधुका, धोलका, सरखेज, गांधीग्राम, चांडखेडा रोड, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड जं., अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, रेवाडी, गुडगॉव व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी इस रेलसेवा में 2 सैकण्ड एसी, 4 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनोमी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे।

## कलयुगी मां ने मायके जाने की जिद पर 8 महीने की बच्ची को तेजाब पीला डाला, गंभीर हालत में चल रहा इलाज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के भिवाड़ी में फेज थर्ड थाना इलाके में कलयुगी मां ने अपनी 8 महीने की बेटी को तेज़ाब पिला दिया इसकी वजह से मासूम की हालत काफी खराब हो गई जिसे उपचार के लिए अलवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां बालिका की हालत काफी गंभीर बनी हुई है । मासूम बच्ची वेंटिलेटर पर है इस संदर्भ में बच्ची के पिता ने पुलिस में अपनी पत्नी सपना के खिलाफ शिकायत की दर्ज करवाई है जानकारी के अनुसार प्रमोद प्रजापत भिवाड़ी में एक निजी फैक्ट्री में कार्य करता है उसकी नौकरी लगे अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं वह करीब चार महीने पहले ही अपनी पत्नी के साथ नौकरी के लिए भरतपुर डीग से यहां आया था, प्रमोद प्रजापत ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वह नौकरी पर गया हुआ था उसकी पत्नी का उसके पास फोन आया और पत्नी सपना ने नदबई पीहर जाने की बात कही जिस पर प्रमोद ने कहा कि अभी उसे छुट्टी नहीं मिलेगी नई नौकरी है रविवार को छुट्टी के दिन वह उसको उसके पीहर पीहर छोड़कर आ जाएगा इतने में ही गुस्से में आकर सपना ने फोन काट दिया बाद में प्रमोद प्रजापत की बहन ने थोड़ी देर बाद अपने भाई को फोन करके बताया कि उसकी बेटी की हालत खराब हो गई है इसके बाद वह घर पर आया और तुरंत अपनी 8 महीने की बेटी को अलवर के एक निजी अस्पताल में एडमिट करवाया । इसके बाद पत्नी सपना ने रोते-रोते अपनी बेटी को तेज़ाब मिलने की बात स्वीकार की तेजाब पिलाने से मासूम के शरीर के अंदर के अंग झुलस गए हैं मासूम के बचने की उम्मीद काफी कम बताई जा रही है ।

## जिलाधीश कार्यालय में युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने का प्रयास किया, जिलाधीश कार्यालय में हड़कंप मचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अजमेर जिलाधीश कार्यालय में मंगलवार को अचानक उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया और जैसे ही वह माचिस की तिल्ली से आग जलने लगा मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड्स ने उसे अपने काबू में किया और फिर युवक को अस्पताल में एडमिट करवाया है जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक का किसी से जमीनी विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद की वजह से पीड़ित युवक के साथ मारपीट भी की गई थी इसी बात से परेशान होकर युवक जिलाधीश कार्यालय में आया हुआ था वहां आवेश में आकर उसने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया और आत्मदाह करने का प्रयास किया यह तो गनीमत रही की मौके पर सुरक्षा गार्ड ने युवक को तुरंत अपने काबू में कर लिया जिसकी वजह से वह आग की चपेट में नहीं आ पाया लेकिन अचानक कोई इस घटना से जिलाधीश कार्यालय में मौजूद लोगों में भी हड़कंप मच गया जिलाधीश कार्यालय में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को भी जब इस घटना का पता लगा तो वे हरकत में आ गए फिलहाल पुलिस युवक के निकट के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है और पीड़ित युवक से भी पुलिस पूछताछ करेगी फिलहाल पुलिस का कहना है कि युवक मानसिक रूप से काफी परेशान है इसलिए युवक के ठीक होने के बाद इस पूरे मामले की छानबीन की जाएगी ।

## ग्रीष्मावकाश में विद्यालय संचालन पर सख्ती, आदेश उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दौसा जिले में ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यालय संचालन करने पर शिक्षा विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोसा जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के विद्यालयों में 17 मई से ग्रीष्मावकाश प्रभावी है। इसके बावजूद हर वर्ष कुछ विद्यालयों द्वारा ग्रीष्मावकाश अवधि में भी विद्यालय संचालित कर विद्यार्थियों को बुलाने की शिकायतें प्राप्त होती रही हैं, जो विभागीय आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिले के सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। साथ ही सभी संस्था प्रधानों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि ग्रीष्मावकाश अवधि में किसी भी स्थिति में विद्यालयों का संचालन नहीं किया जाए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यदि किसी विद्यालय द्वारा आदेशों की अवहेलना कर ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यालय संचालित किया जाता है तो संबंधित संस्था के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रधान की होगी।

## प्रदेश में वाणिज्यिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों के लिए स्पष्ट, जवाबदेह एवं जनहितकारी नीति बने- हरीश चौधरी

### प्रदेश में खनन, ऊर्जा, परिवहन और औद्योगिक क्षेत्रों में जनहित सुरक्षित करने की मांग

### सीएसआर फंड का उपयोग स्थानीय शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास में हो : हरीश चौधरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/बायतु(कासं.)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बायतु विधायक हरीश चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर प्रदेश में संचालित औद्योगिक, वाणिज्यिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों के लिए स्पष्ट, पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितकारी नीति निर्धारित करने की मांग की है। विधायक हरीश चौधरी ने अपने पत्र में कहा कि वर्तमान समय में राजस्थान में खनन, ऊर्जा, परिवहन, निर्माण, निजी औद्योगिक इकाइयों सहित विभिन्न क्षेत्रों में बड़े स्तर पर गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। लेकिन दूसरी ओर स्थानीय समुदायों, श्रमिकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े कई गंभीर प्रश्न लगातार सामने आ रहे हैं। विकास केवल आंकड़ों और परियोजनाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंचना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक हिस्सों से यह तथ्य सामने आ रहे हैं कि कई स्थानों पर स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं मिल रही है। दुर्घटनाओं की स्थिति में प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता नहीं मिल पाती तथा सीएसआर फंड का उपयोग भी स्थानीय आवश्यकताओं और पारदर्शिता के अनुरूप प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी भी स्पष्ट रूप से तय नहीं है। अपने पत्र के माध्यम से हरीश चौधरी ने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रदेश में संचालित सभी वाणिज्यिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों के लिए एक व्यापक नीति बनाई जाए, जिसमें स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता सुनिश्चित करने के स्पष्ट प्रावधान हों। साथ ही संबंधित संस्थाओं द्वारा सीएसआर फंड का उपयोग स्थानीय शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क एवं सामाजिक विकास कार्यों में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने यह भी मांग रखी कि कार्यस्थल पर दुर्घटना अथवा मृत्यु की स्थिति में प्रभावित परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता, पुनर्वास एवं जिम्मेदारी तय करने की स्पष्ट व्यवस्था हो। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु कठोर मानक तय कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। हरीश चौधरी ने पत्र में कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य, सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी भी संबंधित संस्थाओं की तय होनी चाहिए तथा स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता के साथ जवाबदेही तय करने के लिए प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी नीति केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवीय संवेदनशीलता एवं प्रदेश के संतुलित विकास के लिए अत्यंत जरूरी है। इससे उद्योगों और स्थानीय समाज के बीच विश्वास मजबूत होगा तथा विकास के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित हो सकेगा। हरीश चौधरी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेशहित में शीघ्र एक व्यापक एवं प्रभावी नीति बनाकर उसे लागू करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि विकास का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## 5 जून को जयपुर से जाएगी द्वारका-नागेश्वर-सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन

### वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रदेशभर के 1000 वरिष्ठजन करेंगे यात्रा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार की ओर से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा' के तहत विशेष धार्मिक पर्यटक ट्रेन का संचालन 5 जून-2026 को किया जाएगा। यह ट्रेन जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से दोपहर करीब 3 बजे दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। प्रदेशभर के लगभग 1000 वरिष्ठजन द्वारका, नागेश्वर और सोमनाथ के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन से जाएंगे। यह विशेष ट्रेन 5 जून को जयपुर से रवाना होंगे। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस विशेष ट्रेन में जयपुर के अलावा अजमेर व आबू रोड स्टेशन से भी वरिष्ठजन सवार होंगे। देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि यह यात्रा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत चयनित उन श्रद्धालुओं के लिए आयोजित की जा रही है, जो पहले किसी कारणवश यात्रा पर नहीं जा सके थे। इसके लिए सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश भेज दिए गए हैं। जिस जिले में जितने यात्री प्रतीक्षा लिस्ट में हैं, उसी अनुपात में उन्हें इस यात्रा में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अजमेर और आबू रोड स्टेशन पर करीब 20 मिनट का ठहराव रहेगा, जहां यात्रियों की बोर्डिंग और अन्य व्यवस्थाएं पूरी की जाएंगी। 6 जून को सुबह करीब 11:30 बजे ट्रेन सोमनाथ पहुंचेगी। यहां यात्रियों को होटल में ठहराया जाएगा। विश्राम के बाद स्थानीय धार्मिक और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। 7 जून को सोमनाथ के शेष दर्शनीय स्थलों के दर्शन करवाने के बाद रात करीब 11:30 बजे ट्रेन द्वारका के लिए रवाना होगी। 8 जून को सुबह करीब 6 बजे द्वारका पहुंचने पर यात्रियों को होटल ट्रांसफर और विश्राम की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद द्वारकाधीश मंदिर सहित स्थानीय धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। 9 जून को दिनभर भ्रमण कार्यक्रम के बाद शाम करीब 6 बजे विशेष ट्रेन जयपुर के लिए रवाना होगी। 10 जून को शाम करीब 4 बजे ट्रेन जयपुर पहुंचेगी। वापसी के दौरान अजमेर और आबू रोड स्टेशन पर भी यात्रियों के उतरने की व्यवस्था रहेगी। मंत्री श्री कुमावत ने बताया कि ट्रेन में कुल 14 वातानुकूलित कोच, 2 पावर कार और 1 पैंट्री कार लगाई जाएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, होटल में ठहरने, स्थानीय परिवहन और दर्शनीय स्थलों के भ्रमण की पूरी व्यवस्था देवस्थान विभाग की ओर से की जाएगी। देवस्थान विभाग ने तीर्थयात्रियों की पूरी यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। ट्रेन में एक ट्रेन प्रभारी, प्रत्येक कोच में दो अनुदेशक, साथ ही एक डॉक्टर और दो नर्सिंग कर्मचारी तैनात रहेंगे।

## जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक एवं जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम 21 मई को

### जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे

**जयपुर(कासं.)** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 21 मई , 2026 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जाएगी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए दौसा जिला प्रशासन की व्यापक तैयारी, हेल्प डेस्क का गठन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 16 राज्यों एवं 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चलाए जा रहे निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के दौरान दोसा में जिला स्तर पर हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद शर्मा की ओर से जारी आदेश के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार जिले में मतदाताओं को चुनावी सेवाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पात्र नागरिकों, विशेष रूप से दिव्यांगजन, प्रवासी एवं वरिष्ठ मतदाताओं तक सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करना है। जिला हेल्प डेस्क के प्रभारी के रूप में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी (निर्वाचन) मोहित शर्मा तथा सहायक प्रभारी के रूप में प्रशांत कुमार को नियुक्त किया गया है। हेल्प डेस्क के माध्यम से आमजन को निर्वाचन संबंधी जानकारी, मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।जिला कलक्ट्रेट में निर्वाचन अनुभाग के कक्ष संख्या 222 में संचालित की जा रही जिला हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षित कार्मिकों की भी नियुक्ति की गई है। यह कार्मिक निर्वाचन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।

# डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने ली अपराध समीक्षा बैठक

## कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण पर दिए अहम निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेशभर के रेंज आईजी, पुलिस आयुक्तों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में कानून-व्यवस्था, संगठित अपराध, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन, बजरी परिवहन और भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रग्स तस्करी के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने, पुलिस की फील्ड विजिबिलिटी बढ़ाने और सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले तीन माह में उनके स्तर पर एक वर्ष से अधिक लंबित कोई भी प्रकरण नहीं रहना चाहिए। झूठे मुकदमों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

**गैंगस्टर्स और संगठित अपराध पर विशेष फोकस**

बैठक में राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताओं के आधार पर संगठित अपराध, गैंगस्टर्स के विरुद्ध चल रही कार्रवाई और विभिन्न गंभीर आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा की गई। डीजीपी ने प्रभावित जिलों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर फोकस्ड कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

आपराधिक गतिविधियों से अर्जित संपत्ति की कुर्की और जब्ती की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस दिशा में और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। साथ ही नवीन आपराधिक कानूनों में सूचना एवं संचार तकनीक के उपयोग, ई-सम्मन और वारंट की तामील तथा ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

**केस ऑफिसर स्कीम में लें महत्वपूर्ण मामले**

डीजीपी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में लेकर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में रेंजवार एरिया डोमिनेशन अभियान तथा मालखानों में जब्त सामान के निस्तारण की भी समीक्षा की गई।

**सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष अभियान**

बैठक में सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को भी प्रमुखता से लिया गया। भीलवाड़ा और उदयपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में अधिक मृत्यु दर पर चिंता जताते हुए संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। डीजीपी श्री शर्मा ने हाईवे और ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो दिन विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंटरसेप्टर और ब्रेथ एनलाइजर के अधिकतम उपयोग के माध्यम से प्रभावी चेकिंग करने को कहा।

साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन संचालन पर रोक लगाने के लिए पुलिस लाइन एवं कार्यालय परिसरों में विशेष व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।

**साइबर अपराध नियंत्रण और 1930 हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश**

बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम और बेहतर अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई। साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त, निस्तारित एवं लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी एसपी को इसकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए।

**ऑनलाइन परिवाद दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें**

डीजीपी श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि पुलिस थानों पर आने वाले परिवादियों को ऑनलाइन परिवाद दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें अपने प्रकरण पर की जा रही कार्रवाई की नियमित जानकारी मिलती रहे और समीक्षा प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी हो सके।

**महिला सुरक्षा और पुलिस सुविधाओं की भी समीक्षा**

बैठक में महिला सुरक्षा गतिविधियों के प्रभावी संचालन, एसडीआरएफ की सतर्क कार्यप्रणाली, जन सूचना रजिस्टर के संधारण, अभय कमांड सेंटर से जुड़े कैमरों की स्थिति, निजी कैमरों के एकीकरण, पुलिस थानों में महिला कर्मियों के लिए सुविधाओं तथा पुलिस लाइन परिसरों में सामुदायिक सुविधाओं के उन्नयन की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीजी (ट्रेफिक व ट्रेनिंग) श्री अनिल पालीवाल, डीजी (एसओजी) श्री आनंद श्रीवास्तव, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर श्री वी.के.सिंह, एडीजी (क्राइम) श्री बिपीन कुमार पांडे, एडीजी (पीएम एंड डब्ल्यू) डॉ. प्रशाखा माथुर, एडीजी (कार्मिक) बीजू जॉर्ज जोसफ, एडीजी (सिविल राइट) श्रीमती लता मनोज कुमार सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

जयपुर, बुधवार
20 मई, 2026

## सम्पादकीय

### पेपर लीक मामलों में उच्च स्तर पर जवाबदेही तय करने की जरूरत




देश भर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट-यूजी को सबसे अच्छे प्रबंधन के तहत संचालित करने का दावा किया जाता रहा है। मगर पिछले कुछ वर्षों में इसमें जिस स्तर की गड़बड़ियां सामने आई हैं, उसमें यह सवाल उठा है कि हर बार कार्रवाई के तौर पर कुछ औपचारिक और दिखावे के कदम उठा कर क्या परीक्षा के प्रश्नपत्र बाहर आने की घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है? यह इस वर्ष फिर साबित हुआ है कि पहले की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया गया और ऐसे जरूरी कदम नहीं उठाए गए, जिससे इस परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित हो। नतीजतन, इस महीने के शुरू में आयोजित नीट के प्रश्नपत्र लीक होने की खबर आई। फिर मामले के तूल पकड़ने के बाद परीक्षा को रद्द कर देना ही सबसे आखिरी उपाय माना गया, जिसकी वजह से करीब बाईस लाख विद्यार्थियों का भविष्य फिलहाल अधर में लटक गया। सवाल है कि इस अफसोसनाक स्थिति के लिए मुख्य जिम्मेदारी किसकी बनती है। जो राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए सबसे बेहतर व्यवस्था के तहत परीक्षाओं के आयोजन का भरोसा देती रही है, क्या नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने सहित अन्य गड़बड़ियों की निरंतरता कायम रहने की स्थिति में अब भी वह अपनी साख और प्रतिष्ठा के बने रहने का दावा कर सकती है? प्रश्नपत्र लीक होने के तथ्य सामने आने, उसके राजस्थान के कई कोचिंग संस्थानों में पहुंचने और मोटी रकम लेकर विद्यार्थियों को बेचने की खबरों के बाद सरकार ने मामले की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी सीबीआइ को सौंपी। उसके बाद से अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिसमें नीट परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी एनटीए की एक विशेषज्ञ भी शामिल हैं। अगर खुद एनटीए की ओर से इतनी अहम जिम्मेदारी संभालने वाला कोई शख्स ही प्रश्नपत्र लीक करने का आरोपी हो, तो ऐसे में किसी संस्था की साख की क्या अहमियत रह जाती है? गौरतलब है कि इस तरह की गड़बड़ियों पर काबू पाने के लिए राधाकृष्णन समिति ने अपनी रिपोर्ट में एनटीए में ढांचागत सुधार की सिफारिश की थी। इसके अलावा, संसद में परीक्षाओं के संदर्भ में संगठित तौर पर पेपर लीक जैसी किसी गड़बड़ी के लिए दस वर्ष की कैद के प्रावधान वाला कानून पारित किया गया। साथ ही अन्य सभी कमियों को दुरुस्त करने के मद्देनजर कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों सहित आधुनिक तकनीक से लैस बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई। इस सबके बावजूद अगर नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक हो जाता है और यहां तक कि परीक्षा रद्द करने की नौबत आती है, तो यह किसकी नाकामी है? अब तक जो गिरफ्तारियां हुई हैं, क्या इस व्यापक गड़बड़ी का दायरा वैसे ही निचले स्तर के आरोपियों तक सिमटा हुआ है? ऐसा नहीं है कि नीट परीक्षा के आयोजन में यह कोई पहला मामला सामने आया है। इससे पहले भी कई बार अलग-अलग तरह की अनियमितताओं की खबरें आती रही हैं। सच यह है कि परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने के इस रोग को खत्म करने के लिए उच्च स्तर पर जवाबदेही तय करने की जरूरत है। वरना पारदर्शिता के अभाव में वैसे लाखों बच्चों का भविष्य बाधित होगा, जो अपनी मेहनत के बूते परीक्षा में बैठते हैं। लातूर में ₹ष्टष्ट क्लासेस के फाउंडर शिवराज मोटेगांवकर की गिरफ्तारी से कोचिंग इंडस्ट्री के लोगों को गहरा धक्का पहुंचा है क्योंकि हर किसी के लिए इस बात पर यकीन कर पाना मुश्किल हो रहा है

# विपक्ष एकता के लिए पुरानी की गलती सुधारनी होगी

*वर्ष 2024 के आम चुनावों के पहले विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने और भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश तो हुई, लेकिन विपक्षी दलों में आपसी टकराव और वर्चस्व के चलते वह हकीकत नहीं बन पाया। 2023 में पटना में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में विपक्षी मोर्चा बनाने का फैसला तो हुआ, लेकिन नेतृत्व के मुद्दे पर एक राय नहीं बन पाई। दरअसल कांग्रेस विपक्षी राजनीति की लगाम खुद के हाथ में ही रखना चाहती है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और एमके स्टालिन का साथ तो उसे चाहिए, लेकिन इनमें से किसी का भी नेतृत्व उसे गवारा नहीं। इन सबको हाशिए पर रखने के लिए बाद के दिनों में कांग्रेस ने जैसी चाल चली, उससे विपक्षी एकता का राग बेसुरा हो गया। वह पूरी तरह परवान चढ़ ही नहीं सकी। इसका परिणाम बीते लोकसभा चुनाव नतीजों में दिखा भी। फिर विपक्षी एका में कमी के चलते हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार के चुनावों में भाजपा ने बाजी मार ली। रही-सही कसर हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों ने पूरी कर दी है।जब भी सत्ता पक्ष के उफान में विपक्षी दल बहते हैं, उनमें एकता की छटपटाहट बढ़ जाती है। मुख्य रूप से यह अस्तित्व का संकट टालने का फौरी उपाय होता है। जब वे हार के बाद वोटों के गुणा-गणित में जुटते हैं तो उन्हें अहसास होता है कि अगर एक रहते तो सत्तापक्ष पर भारी पड़ते।*



हाल में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बंगाल में ममता बनर्जी, तमिलनाडु में एमके स्टालिन, असम में गौरव गोगोई जैसे बड़े नेताओं को मिली हार से विपक्षी खेमे में खलबली सी मच गई है। केरलम में गठबंधन सरकार में वापसी की वजह से कांग्रेस थोड़ी राहत भले महसूस कर रही हो, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रीय दलों को अपने अस्तित्व पर खतरा नजर आने लगा है। तमिलनाडु में सत्ता की चाहत में विपक्षी गठबंधन टूट भी चुका है। कांग्रेस ने डीएमके का बरसों पुराना साथ छोड़ नई पार्टी टीवीके का दामन थाम लिया है। दूसरी तरफ ममता बनर्जी को विपक्षी एकता खासकर आइएनडीआइए की याद आने लगी है। अब वह विपक्षी एकता को मजबूत करने की बातें करने लगी हैं। हाल तक वह आइएनडीआइए की एकता से बेपरवाह थीं। आइएनडीआइए को कमजोर करने में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने भी कम गलतियां नहीं की हैं। राहुल गांधी का बंगाल में भाजपा की बढ़त के लिए ममता को खुलेआम जिम्मेदार ठहराना एक तरह से तृणमूल के ताबूत में कील ही साबित हुआ। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या विपक्षी एकता का विचार फिर से परवान चढ़ सकता है? अतीत में जिस तरह विपक्षी खेमे में एक-दूसरे को शह-मात देने का खेल चला, उसे देखते हुए क्या एकता की उम्मीद अभी बची है?

वर्ष 2024 के आम चुनावों के पहले विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने और भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश तो हुई, लेकिन विपक्षी दलों में आपसी टकराव और वर्चस्व के चलते वह हकीकत नहीं बन पाया। 2023 में पटना में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में विपक्षी मोर्चा बनाने का फैसला तो हुआ, लेकिन नेतृत्व के मुद्दे पर एक राय नहीं बन पाई। दरअसल कांग्रेस विपक्षी राजनीति की लगाम खुद के हाथ में ही रखना चाहती है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और एमके स्टालिन का साथ तो उसे चाहिए, लेकिन इनमें से किसी का भी नेतृत्व उसे गवारा नहीं। इन सबको हाशिए पर रखने के लिए बाद के दिनों में कांग्रेस ने जैसी चाल चली, उससे विपक्षी एकता का राग बेसुरा हो गया। वह पूरी तरह परवान चढ़ ही नहीं सकी। इसका परिणाम बीते लोकसभा चुनाव नतीजों में दिखा भी। फिर विपक्षी एका में कमी के चलते हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार के चुनावों में भाजपा ने बाजी मार ली। रही-सही कसर हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों ने पूरी कर दी है।

जब भी सत्ता पक्ष के उफान में विपक्षी दल बहते हैं, उनमें एकता की छटपटाहट बढ़ जाती है। मुख्य रूप से यह अस्तित्व का संकट टालने का फौरी उपाय होता है। जब वे हार के बाद वोटों के गुणा-गणित में जुटते हैं तो उन्हें अहसास होता है कि अगर एक रहते तो सत्तापक्ष पर भारी पड़ते। 1962 के आम चुनावों में पंडित नेहरू से फूलपुर की सीट पर मिली हार के बाद राममनोहर लोहिया को भी कुछ ऐसा ही लगा था। इसके बाद उन्होंने गैर कांग्रेसवाद का विचार दिया। तब कांग्रेस को चुनाव में करीब 44 प्रतिशत वोट मिले थे। लोहिया को लगा कि विरोध में पड़े 56 प्रतिशत वोटों को अगर एक किया जाता तो नतीजे कुछ और होते। फिर गैर कांग्रेसवाद के बैनर के तले उन्होंने 1963 के उपचुनावों और 1967 के आम चुनावों में इसे आजमाया। इसका असर यह हुआ कि आठ राज्यों से कांग्रेस की विदाई हो गई। तब से सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ विपक्ष दलों में एकता की परंपरा बन गई है। कभी यह कांग्रेस के खिलाफ होता था, जिसमें वाममोर्चा और जनसंघ-भाजपा भी शामिल रहते थे, अब यह भाजपा के खिलाफ हो रहा है।

बंगाल के विधानसभा चुनाव में ममता को जहां करीब 42 प्रतिशत वोट मिले, वहीं भाजपा को करीब 46 प्रतिशत। कांग्रेस को 2.97 और वाम मोर्चे को 4.45 प्रतिशत वोट मिले। इन गैर-भाजपा वोटों को मिला दें तो यह आंकड़ा 49 प्रतिशत से ज्यादा हो जाता है। चुनावी राजनीति में सात प्रतिशत का अंतर बड़ा होता है। ऐसे में विपक्षी खेमे को लग रहा है कि अगर वे एक होते तो भाजपा को ऐसी जीत नहीं मिलती, लेकिन चुनावी गणित सामान्य गणित की तरह नहीं होता। विपक्षी दलों की समस्या यह है कि वे अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सहयोगियों से हिस्सेदारी बांटना ही नहीं चाहते। मजबूत एकता के लिए विपक्ष के पास राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य साफ छवि वाला चेहरा भी नहीं है।ममता बड़ी नेता तो हैं, लेकिन उनकी तुनकमिजाजी उन्हें सर्वमान्य चेहरा मानने के राह की बड़ी बाधा है। स्टालिन भी राष्ट्रीय स्तर की स्वीकार्यता के लिए अयोग्य हैं। इसी तरह केजरीवाल के पास बड़ा आधार नहीं है। रही बात अखिलेश यादव की तो, उनके पास भी जमीनी राजनीति का अनुभव कम है।

नीतीश पहले ही विपक्षी खेमा छोड़ चुके हैं। ममता को चुनावी मैदान में करारी शिकस्त मिल गई है।

अब अखिलेश को अगले साल उत्तर प्रदेश के

## कहानी

### लालच बुरी बला है

एक आदमी जिसका नाम राजू था, उसका जीवन बहुत गरीबी में बीत रहा था। वह जंगल से लकड़ियां बीन और काट कर लाता, जिसे बाजार में बेचकर अपना जीवन बिता रहा था।

राजू के दोस्त और रिश्तेदार भी बहुत कम थे। वह एक दिन बहुत उदास बैठा था, तभी उसके पास उसका एक दोस्त आया और बोला क्या हुआ राजू आज तुम जंगल में लकड़ियां लाने नहीं गए?

राजू ने बोला- भाई में अपने इस गरीबी से तंग आ गया हूं, मेरे पास अगर थोड़ी सी जमीन होती तो मैं उसमें खेती कर अपना जीवन बिता लेता, मगर वो भी नहीं कर सकता मेरे इस जीवन में कुछ करने को बचा ही नहीं?

राजू के मित्र ने बोला- तुम उदास मत हो, अभी महाराज के दरबार में प्रजा की परेशानी सुनी जा रहा है, और जीतना हो सके महाराज अपनी प्रजा की मदद भी कर रहे है। तुम भी सुबह जा कर अपनी परेशानी उन्हें बताओं।

राजू अपने मित्र की बात सुनकर प्रसन्न हो जाता हैं और सोचने लगता है, क्यों ना जमीन के साथ-साथ कोई काम भी मांग लूँ। यह विचार कर सुबह होने का इंतजारबेसब्री से करने लगता है। अगली सुबह राजू महाराज के दरबार में अपनी समस्या लेकर पहुंच जाता हैं।

राजू जब दरबार में जाता है तो वहां देखता है लोगों की काफी भीड़ जमा है। सभी अपनी समस्या महाराज को बताते और वहां से दूसरी कतार में चले जाते, राजू का भी जब नम्बर आया, उसने महाराज से अपने जीवन बीताने के लिए कुछ जमींन और कोई रोजगार मांग लिया।

महाराज को राजू की समस्या उतनी भी बड़ी नहीं लगी, दरबार में उपस्थित सलाहकार ने भी महाराज को यहीं बात बोली राजू चाहता तो सिर्फ जमींन या रोजगार मांग लेता तो भी वह अपना जीवन आराम से काट लेता, मगर उसके मन में लालच हैं। इसलिए उसने दोनों चीजें मांगी है।

बोला कोई बात नहीं उस राजू को बुलाओ।

राजू दरबार में दूबारा उपस्थित हुआ। महाराज ने राजू को कहा, कल सूर्योदय होने से पहले तुम महल के पीछे वाले खेत में आना। वहीं तुम्हें जमीन मिलेगा पर याद रहे सूर्योदय से पहले। सभी दरबारी महाराज की बात चुपचाप सुन रहे थे।

राजू खुशी-खुशी अपने घर चला जाता हैं। वह अगली सुबह महाराज के बताए जगह पर उपस्थित हो जाता हैं। वहां महाराज पहले से अपने मंत्री और कुछ सिपाहियों के साथ उपस्थित थे।

राजू को देखते ही महाराज बोले- आ गए राजू, तुम ध्यान से सुनो मेरी बात, सुर्य-उगते ही तुम भागना शुरू कर देना, सुर्य डुबने के पहले तक जीतना दूर दौड़ोंगें वह सारी जमींन तुम्हारी। पर याद रहे तुम जीतना दूर दौड़ोगें, तुम दौड़ सकते हो पर याद रहे लौटकर तुम्हें वापस यहीं आना होगा तभी जमींन तुम्हें मिलेगी।

राजू महाराज की बात सुनते ही खुशी से पागल हो जाता हैं, सुर्य-उगते ही राजू दौड़ना शुरू कर देता है दौड़ते-दौड़ते दोपहर हो जाती है राजू थक जाता है फिर सोचता है थौड़ी दूर और दौड़ लेता हूं कल से में भी महाराज की तरह लोगों को सलाह दिया करूंगा। जिसके पास धन होता हैं लोग उसी से सलाह भी लेते हैं, मेरे पास तो कोई भी नहीं आता जब में भी धनवान हो जाउंगा तो आराम ही तो करनी है।

भागते- भागते राजू बहुत दूर निकल जाता हैं, तभी उसे अचानक याद आता है कि उसे वापस भी लौटना है, तभी जमीन उसे मिलेगी। तब तक राजू थक चूका होता है उसके लाख चाहने से उसके पैर अब उसका साथ नहीं दे पा रहे और राजू जमीन पर गिर जाता हैं और वहीं उसका दम निकल जाता है।

महाराज यह सब दूर से ही देख रहे थे राजू जब जमीन पर गिरा तो महाराज अपने सिपाहियों के साथ राजू के पास उसे देखने आ जाते हैं सिपाही राजू को उठाता है तभी बोलता है महाराज यह तो मर चूका है।

महाराज बोलते हैं- इसे दो गज जमीन चाहिए थी खाम-खा यह इतनी मेहनत कर रहा था। इसकी लालच की वजह से यह मरा है, यह चाहता तो थोड़ी दूर दौड़कर वापस आ जाता और जमीन ले लेता पर इसके मन में हमारा आधा राज्य चाहिए था तभी यह इतनी दूर तक दौड़ आया।

# सहयोग की नई भावना

*भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक है। साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन अभियानों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एक बड़े आर्थिक विकास केंद्र और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदार आवाज के रूप में भारत ने निकट भविष्य के लिए दो बड़े लक्ष्य तय किए हैं-2047 तक विकसित देश बनना और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करना। ये दोनों घरेलू लक्ष्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। वैश्विक सहयोग की बदौलत, जिसमें लीडआइटी और भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ शुरू किए गए कई वैश्विक मंच शामिल हैं-जैसे इंटरनेशनल सोलर अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और मिशन लाइफ-भारत ग्लोबल साउथ की एक जिम्मेदार और प्रभावशाली आवाज बनकर उभरा है। वहीं दूसरी ओर, स्वीडन यूरोप में*

ऐसे समय जब दुनिया बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ऊर्जा संकट और आर्थिक बिखराव का सामना कर रही है, तब उसके सामने एक बड़ा विकल्प है-क्या देश केवल अपने-अपने सीमित हितों तक सिमट जाएं या फिर ऐसे साझेदारी संबंध मजबूत करें, जो मिलकर विकास, मजबूत और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करें। जब संयुक्त राष्ट्र अपनी 80वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहुपक्षीय व्यवस्था का महत्व और भी स्पष्ट हो गया है। यह भी साफ हो चुका है कि वैश्विक शासन संस्थाओं में आज की वास्तविकताओं के अनुसार सुधार करना अब बेहद जरूरी हो गया है। आज जलवायु परिवर्तन, औद्योगिक बदलाव, सप्लाई चेन में बाधाएं और ऊर्जा परिवर्तन जैसी चुनौतियां सामने हैं। इनसे निपटने के लिए सबको साथ लेकर चलने वाले सहयोग की नई भावना की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन आज दुनिया की सबसे बड़ी और व्यापक चुनौतियों में से एक है। इसका असर भारत, स्वीडन समेत दुनिया की हर अर्थव्यवस्था और समाज पर पड़ रहा है। आज अरबों लोग बेहतर जीवन स्तर, रोजगार, आधुनिक बुनियादी ढांचे और ऊर्जा सुविधाओं की उम्मीद रखते हैं। इसलिए विकास और अवसर पैदा करते हुए टिकाऊ भविष्य की दिशा में आगे बढ़ना कोई विरोधाभास नहीं, बल्कि आज के दौर की सबसे बड़ी आर्थिक और राजनीतिक जिम्मेदारी है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक है। साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन अभियानों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एक बड़े आर्थिक विकास केंद्र और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदार आवाज के रूप में भारत ने निकट भविष्य के लिए दो बड़े लक्ष्य तय किए हैं-2047 तक विकसित देश बनना और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करना। ये दोनों घरेलू लक्ष्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। वैश्विक सहयोग की बदौलत, जिसमें लीडआइटी और भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य



अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ शुरू किए गए कई वैश्विक मंच शामिल हैं-जैसे इंटरनेशनल सोलर अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और मिशन लाइफ-भारत ग्लोबल साउथ की एक जिम्मेदार और प्रभावशाली आवाज बनकर उभरा है। वहीं दूसरी ओर, स्वीडन यूरोप में जलवायु कार्रवाई के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कई दशक पहले लिए गए साहसिक फैसलों की वजह से वहां का बिजली ग्रिड 98 प्रतिशत तक जीवाश्म ईंधन-मुक्त हो चुका है। 1990 के बाद से स्वीडन के उत्सर्जन में एक-तिहाई से अधिक कमी आई है, जबकि इसी अवधि में उसकी अर्थव्यवस्था का आकार लगभग दोगुना हो गया। भारत और स्वीडन की नीतियां इस व्यापक सोच को दर्शाती हैं कि जलवायु कार्रवाई केवल पर्यावरण की रक्षा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह रोजगार और नए अवसर बढ़ा सकती है, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत कर सकती है और लोगों का जीवन बेहतर बना सकती है। लक्ष्य सिर्फ अपने-अपने देशों के विकास को कम-कार्बन बनाना नहीं, बल्कि ऐसी साझेदारियां तैयार करना भी है, जो स्वच्छ औद्योगिकीकरण को संभव बनाएं। इसी भावना के साथ भारत और स्वीडन 17 मई को गोथेनबर्ग में मिले। हरित परिवर्तन केवल पर्यावरण की जरूरत नहीं, बल्कि यह प्रतिस्पर्धा, आर्थिक मजबूती और दीर्घकालिक विकास के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। भारत और स्वीडन ने 2019 में संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से शुरू किए गए लीडआइटी (लीडरशिप ग्रुप फार इंडस्ट्री ट्रांजिशन) के माध्यम से इस तरह के सहयोग की अहमियत को साबित किया है। इस पहल ने औद्योगिक क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन कम करने और उन कठिन क्षेत्रों को, जहां उत्सर्जन घटाना आसान नहीं है, वैश्विक जलवायु चर्चा के केंद्र में लाने में मदद की है। इस पहल ने दिखाया है कि विकसित और विकासशील देश भरोसे, नवाचार और साझा जिम्मेदारी के आधार पर मिलकर समाधान तैयार कर सकते हैं

# जेल और जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून यानी यूएपीए के एक मामले में आतंकी फंडिंग और ड्रग्स तस्करी के आरोपित को जमानत देते हुए जिस तरह यह कहा कि इस कानून के तहत भी जमानत नियम है और जेल अपवाद, उस पर इसलिए बहस छिड़ना तय है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की ही एक अन्य पीठ ने दिल्ली दंगों के आरोपितों उमर खालिद और शरजील इमाम को जेल अपवाद और बेल नियम वाले सिद्धांत से परे हटते हुए जमानत देने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं, इस दो सदस्यीय पीठ ने इन दोनों को एक वर्ष तक दोबारा जमानत मांगने से भी रोक दिया था।

ताजा मामले में दो सदस्यीय पीठ ने पुरानी पीठ के निष्कर्ष से असहमति जताते हुए यह रेखांकित किया कि किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को केवल



इसलिए अनिश्चितकाल तक नहीं छीना जा सकता, क्योंकि उस पर यूएपीए जैसा कानून लगाया गया है। इस पीठ ने पुरानी पीठ के फैसले को रद तो नहीं किया, लेकिन एक तरह से उस पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि जेल अपवाद और बेल नियम महज एक नारा नहीं, बल्कि कानूनी स्थिति है। इससे यही ध्वनित हो रहा है कि वर्तमान पीठ की दृष्टि में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत न देने वाली पीठ का फैसला सही नहीं था। चूंकि दोनों ही फैसले दो सदस्यीय पीठ के हैं, इसलिए किसी निर्णायक निष्कर्ष पर पहुंचना कठिन है। उचित यह होगा कि जेल अपवाद और बेल नियम वाले सिद्धांत को कोई संविधान पीठ संबोधित करे। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन इतना तो है ही कि हर मामले में जेल अपवाद और बेल नियम के सिद्धांत को लागू करना ठीक नहीं होगा। यह मामले विशेष की प्रकृति और आरोपों की गंभीरता पर निर्भर करना चाहिए, क्योंकि कई मामलों में यह देखने को मिला कि आरोपित जमानत पाने के बाद फिर से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गया। कुछ मामले तो ऐसे भी रहे, जिनमें आरोपित ने वही संगीन अपराध फिर से अंजाम दिया, जिसके आरोप में उसकी गिरफ्तारी हुई थी और वह जेल अपवाद-बेल नियम वाले सिद्धांत के तहत जमानत पा गया था। स्पष्ट है कि प्रत्येक मामले को एक ही कसौटी पर कसना सही नहीं। उच्चतर न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट की ओर से प्रायः जेल अपवाद-बेल नियम के सिद्धांत का हवाला इस आधार पर दिया जाता है कि दोषी सिद्ध न होने तक हर कोई निर्दोष है। इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में आरोपितों को जमानत इसलिए मिल जाती है, क्योंकि ट्रायल शुरू होने में बहुत देर हो रही होती है।

## ग्रीष्म काल में पक्षियों को पानी के लिए परिंडे लगाना पुण्य कार्यः बलभद्र सिंह



जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निसं.) भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर , 'महिला प्रकोष्ठ 'द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर धौलपुर में स्थित अटल सेवा केंद्र (सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग) में पक्षियों को पानी पीने के लिए परिंडे लगाए गए, इस अवसर पर संयुक्त निदेशक बलभद्र सिंह ने भारत विकास परिषद के इस कार्य की प्रशंसा की और कहा इस भयंकर गर्मी में पक्षियों को पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है। ममता शर्मा महिला गतिविधि समन्वयक ने बताया कि जून माह के प्रथम सप्ताह में परिषद के महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्कूली बच्चों के लिए पांच दिवसीय स्किल डेवलपमेंट शिविर आयोजित किया जाना है जिसमें ब्यूटिशियन, डांस, मेंहदी,हारमोनियम, कंप्यूटर कोर्स सिलाई आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि ग्रीष्मावकाश का सही उपयोग हो सके। इस अवसर पर जया मोदी, राजकुमारी गुप्ता, सपना बंसल, सीमा बंसल, रीता अग्रवाल, अनुपमा दीक्षित, अपूर्वा, प्रिया, रेखा आदि ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाए, DOIT&C के विकास शर्मा, प्रहलाद अग्रवाल, हरेन्द्र सिंह, अमित मित्तल, शिव कुमार शर्मा, अखिल श्रीवास्तव, मुनेश कुमार मीना, सुनील, देवेन्द्र एवं समस्त स्टाफ ने सभी जल पात्रों में नियमित पानी भरने के लिए आश्वस्त किया। परिषद के जिला समन्वयक जयंत मोदी एवं अध्यक्ष मुकेश गर्ग ने उपस्थित सभी सदस्यों, मातृ शक्ति को धन्यवाद दिया।

## स्थानांतरण पर भावुक विदाईः बाड़ी के एसडीएम भगवत शरण त्यागी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम।



जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निसं.) करीब 15 माह तक बाड़ी उपखंड क्षेत्र के प्रशासनिक मुखिया के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के स्थानांतरण पर शनिवार को भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। धौलपुर-बाड़ी राजमार्ग स्थित सरमथुरा स्टोन इंडस्ट्रीज प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी विदाई दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी मुन्नालाल मंगल ने की जब के अतिथि गणों में ब्राह्मण समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ अम्बरीष पचौरी, अग्रवाल सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश सिंघल एवं बाड़ी के अध्यक्ष दिनेश चंद्र बागठरिया, अग्रवाल फाउंडेशन के उपाध्यक्ष सचिन मंगल, प्रवीण मंगल, राजेंद्र मीणा सहित समारोह में उपस्थित लोगों ने एसडीएम त्यागी का माल्यार्पण, साफा एवं शॉल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया।

## सरमथुरा शहरी जल योजना की पेयजल व्यवस्था सुचारू, लीकेज मरम्मत के बाद सप्लाई बहाल

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निसं.) एक समाचार पत्र में बूंद-बूंद को तरस रहे स्थानीय, दो से तीन दिन बाद मिल रही है सप्लाई शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर के बारे में अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग राजकिरण यादव ने अवगत कराया कि शहरी जल योजना सरमथुरा अंतर्गत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था नियमित रूप से संचालित की जा रही है। योजना के तहत दो पम्प हाउस गेन्दापुरा पम्प हाउस एवं थाना पम्प हाउस, तीन उच्च जलाशय थाना कैम्पस, तहसील कार्यालय एवं किला उच्च जलाशय, एक स्वच्छ जलाशय तथा एक जीएलआर के माध्यम से शहर में पेयजल वितरण किया जा रहा है उच्च जलाशयों से जुड़े सभी जोनों में प्रतिदिन नियमित पेयजल सप्लाई की जा रही है, जबकि सीधे बूस्टिंग सप्लाई से लाभान्वित क्षेत्रों में 48 घंटे के अंतराल पर जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि विगत सप्ताह आंगई बांध से जोरघड़ी फिल्टर प्लांट तक आने वाली राइजिंग मेन लाइन में 4-5 स्थानों पर लीकेज हो जाने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई थी। विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 मई को सभी लीकेज की मरम्मत कर पेयजल सप्लाई पुनः सुचारू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त किले पर स्थित उच्च जलाशय को भरने वाली पुरानी पाइप लाइन को बदलने का कार्य भी प्रगति पर है, जिसे जून 2026 तक पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित है। ग्रीष्मकाल के दौरान बढ़ी हुई पेयजल मांग को देखते हुए शहर के कुछ स्थानों पर पर्याप्त दबाव से पानी नहीं पहुंच पाने की स्थिति में विभाग द्वारा 8 स्थानों पर 11 टैंकर स्वीकृत कर नियमित पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है। विभाग ने आमजन को आश्वस्त किया है कि पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक सभी कदम लगातार उठाए जा रहे हैं।

## चिकित्सा मंत्री ने की हीटवेव प्रबंधन की समीक्षा, अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश

जयपुर(कास.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि हीटवेव प्रबन्धन के साथ ही अस्पतालों में गर्मियों को लेकर मरीजों के लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने भीषण गर्मी के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में छाया-पानी के समुचित प्रबंध के साथ उपाचर में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। खींवसर ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हीटवेव, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, बजट घोषणा की अनुपालना, एचपीवी वैक्सीन की प्रगति सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राज्य स्तर से बनाए गए नोडल अधिकारियों के माध्यम से निरीक्षण कर अस्पतालों में हीटवेव से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी है। सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों को हीट-स्ट्रोक के लिए अलग से बेड आरक्षित करने, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन कूलिंग उपकरणों एवं किट्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक

### वंदे गंगा अभियान को जनआंदोलन का रूप देकर जल की महत्ता बताएंः डीएम

जयपुर टाइम्स



धौलपुर(निसं.) सरकार की ओर से भू-जल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए 25 मई (गंगा दशमी) से चलाये जाने वाले वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर श्रीनिधी बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। यह अभियान 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) तक चलेगा जिसमें सभी विभागों द्वारा भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर ने कहा कि अभियान को जन आंदोलन का रूप देकर अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारम्परिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के कार्यक्रमों में सक्रियता से भागीदारी निभाएं जिससे आमजन तक अभियान का सकारात्मक प्रभाव पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभियान में श्रमदान, स्वच्छता गतिविधियां, पौधारोपण, जल स्रोतों की सफाई, प्रभात फेरियां, जागरूकता रैलियां एवं सामाजिक सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित कराएं। उन्होंने कहा कि जिले में कार्यरत स्वयंसेवी संगठनों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी अभियान में सुनिश्चित की जाये। जिला कलक्टर ने विभागवार जिम्मेदारी देते हुए जल संसाधन विभाग, भूजल संरक्षण विभाग को जलस्रोतों, नहरों की जल उपयोगिता संगम एवं किसानों के सहयोग से साफ-सफाई कराने, जल शक्ति अभियानः कैच द रैन अंतर्गत कार्यक्रम तथा जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायतीराज संस्थाओं, शिक्षा विभाग को अभियान अंतर्गत गांवों में वदे गंगा प्रभात फेरी, पीपल पूजन व पौधारोपण, जल संरक्षण एवं जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने, जलस्रोतों का पूजन करवाने को कहा। उन्होंने वन विभाग एवं संबन्धित संस्थाओं को हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी, चारागाहों का चिन्हिकरण, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यों का चिन्हीकरण करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में 26 मई को विशेष ग्राम सभाएं होंगी, जिनमें नवीन कार्यों का अनुमोदन, स्वीकृतियां जारी करने के साथ ग्रामवासियों को अभियान का संकल्प दिलाया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान में गौशाला, पशु चिकित्सालय, दुग्ध संघ, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कृषि उपज मंडी समिति, सार्वजनिक स्थानों, पेयजल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाए सं जाएंगे। विभिन्न संगठनों के साथ जल संरक्षण पर विचार संगोष्ठियां होंगी। इस अवसर पर अतिरिक्त अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट, जलदाय अधीक्षण अभियंता राजकिरण यादव, उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह सहित संबधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा पी एन बी बैंक धूलकोट धौलपुर में पैंतीस दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रेक्टिशनर (ब्यूटी पार्लर) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निसं.) दिनांक 19.05.2026 को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक कार्यालय पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा पी एन बी बैंक धूलकोट धौलपुर में पैंतीस दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रेक्टिशनर (ब्यूटी पार्लर ) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार मंडल कार्यालय भरतपुर के नेतृत्व में मुख्य अतिथि डी डी एम नावार्ड के सी मीना, अग्रणी जिला प्रबंधक राजकुमार बिटोरिया व आरसेटी निदेशक भूपेंद्र पंवार के सानिध्य में किया गया। पिंकी देवी द्वारा 33 प्रशिक्षणार्थिओं को जूनियर ब्यूटी प्रेक्टिशनर (ब्यूटी पार्लर ) लघु उधमी का प्रशिक्षण दिया गया और जे.वर्मा एवं नीरू सोनी द्वारा प्रशिक्षणार्थिओं का मूल्यांकन किया गया । आरसेटी निदेशक भूपेंद्र पंवार ने प्रशिक्षणार्थिओं से आह्वान किया कि इस प्रशिक्षण को रोजगार में परवर्तित कर आजीविका करें तथा प्रशिक्षणार्थिओं के उज्जवल भविष्य की कामना की । अग्रणी जिला प्रबंधक राजकुमार बिटोरिया ने



प्रशिक्षणार्थिओं को सलाह दी कि वह स्वरोजगार को बढ़ावा देते हुये अपने क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करें और यदि कोई आपके सुझाव हों तो हमें साझा करें । मुख्य अतिथि डी डी एम नावार्ड के सी मीना व आरसेटी निदेशक भूपेंद्र पंवार द्वारा प्रशिक्षणार्थिओं को टूलकिट एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण करते हुये आह्वान किया कि अपने क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं को आरसेटी धौलपुर के माध्यम से चलाये जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ें ताकि स्वंय रोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें। और साथ ही आरसेटी संस्थान के स्टाफ कमल ठाकुर, सालिगराम सिंह, निखिल शर्मा, निशा प्रवीन कुमार ने सहयोग प्रदान किया।

## ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूक हुआ खनपुरा, जेवीवीएनएल ने किया विशेष कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

धौलपुर राजाखेड़ा(निसं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र के नाम अपील के तहत जेवीवीएनएल उपखंड राजाखेड़ा के सौजन्य से ग्राम पंचायत खुड़िला के गांव खनपुरा में ऊर्जा संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाम 6:15 बजे आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने ग्रामीणों से विद्युत का उचित उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिजली का फालतू उपयोग और दुरुपयोग न करें तथा विद्युत चोरी से बचें,साथ ही कहा कि कोई भी व्यक्ति विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ न करें अगर कोई विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्या हो तो ऑनलाइन कंप्लेंड करें या अपने फीडर के लाइन मैन को फोन करे। उन्होंने बताया कि अनावश्यक बिजली खपत से विद्युत बिलों की लागत भी बढ़ती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को देशभक्ति की भावना के साथ ऊर्जा संरक्षण करना चाहिए। मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा ने कहा कि देश के पारंपरिक ऊर्जा संसाधन सीमित हैं, इसलिए उनका उपयोग आवश्यकता अनुसार ही किया जाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को कमरे से बाहर निकलते समय सभी विद्युत उपकरण बंद करने, एसी का सीमित उपयोग करने, फ्रिज को बार-बार न खोलने तथा 100 वाट के बल्ब की जगह 9 वाट की एलईडी लाइट का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने



प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता अपने घरों की छतों पर सोलर संयंत्र लगवाकर सरकारी सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही सोलर से उत्पादित अतिरिक्त बिजली को सरकार द्वारा खरीदा भी जाता है। उन्होंने कहा कि आज देश को सौर ऊर्जा की अत्यधिक आवश्यकता है और ऊर्जा संरक्षण के लिए सोलर ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार जरूरी है। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, लोक गायकों एवं प्रबुद्ध जनों द्वारा विभिन्न माध्यमों से ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया गया और ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में पंचायत सरपंच ने सभी ग्रामीणों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए जेवीवीएनएल द्वारा आयोजित इस जनजागरूकता कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, भूदेव सिंह, सोहनपाल, घनश्याम कुमार, अमीरचंद, रामकिशन, आसिफ खां, यूनिश खां, पंकज वर्मा सहित विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिले में प्रतिबंधित चम्बल बजरी खनन व परिवहन की पूर्णतः रोकथाम के लिए सभी प्रमुख घाटों व मार्गों की पुलिस, खनिज व वन विभाग द्वारा रखी जा रही है सघन निगरानी

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निसं.) जिले में प्रतिबंधित चम्बल बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए पुलिस, खनिज एवं वन विभाग की संयुक्त टीमें लगातार सतर्कता एवं निगरानी बनाए हुए हैं। पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सांगवान के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिले के प्रमुख चम्बल बजरी घाटों एवं परिवहन मार्गों पर संयुक्त टीमों द्वारा नियमित गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। थाना सरमथुरा, सोने का गुर्जा, बसईडांग, कोतवाली धौलपुर, सदर धौलपुर, दिहोली एवं राजाखेड़ा क्षेत्र में पुलिस, खनिज एवं वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से निगरानी एवं चैकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। संवेदनशील घाट क्षेत्रों एवं परिवहन मार्गों पर लगातार निगरानी रखते हुए संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है तथा अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। संयुक्त टीमों द्वारा आमजन को भी जागरूक करते हुए अपील की जा रही है कि वे अवैध बजरी खनन एवं परिवहन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों से



दूर रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाने एवं पर्यावरण को प्रभावित करने वाली अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पुलिस, वन एवं खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना है।
धौलपुर पुलिस द्वारा जिले में अवैध चम्बल बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु आगे भी इसी प्रकार सतत निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## नित्य परमात्मा को भजने वाला माया, मोह में नहीं फँसता- ज्ञानेंद्र

जयपुर टाइम्स

धौलपुर राजाखेड़ा/(निसं.) विश्व गीता प्रतिष्ठानम् द्वारा चलाए जा रहे घर-घर गीता का प्रचार हो जन अभियान के अंतर्गत झांसी मोहल्ला में गीता स्वाध्याय किया गया मीडिया प्रभारी शैलेश सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य यजमान अरविंद मिश्रा (फिजिक्स )द्वारा भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई जिला संयोजक विष्णु कुमार शर्मा द्वारा सामूहिक रूप से स्वाध्याय पत्र का वाचन कराया,उन्होंने उपस्थित गीता प्रेमियों से प्रतिदिन पवित्र ग्रंथ गीता का पाठ करने का निवेदन किया आचार्य प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा सुभाषित की प्रस्तुति दी और उससे मिलने वाली शिक्षा के बारे में बताया अमृत वचन की शानदार प्रस्तुति देते हुए महेंद्र दीक्षित ने बताया कि किस प्रकार मनुष्य मधुर वाणी के माध्यम से सब कुछ पा सकता है वहीं इसके विपरीत वह कठिन कष्ट भी प्राप्त कर सकता है उन्होंने मधुर वचन बोलने पर बल दिया प्रेरक प्रसंग की प्रस्तुति देते हुए शैलेश सक्सेना ने दीपक के माध्यम से बताया कि व्यक्ति जीवन में किस प्रकार दीपक के प्रकाश की तरह संसार को प्रकाशित कर सकता है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गीता के सातवें अध्याय के प्रारंभिक श्लोकों की व्याख्या करते हुए ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि भगवान द्वारा इस अध्याय में ज्ञान विज्ञान योग का वर्णन किया है भगवान



कहते हैं कि मेरी प्रकृति परा और अपरा दो रूपों में विभक्त है,अपरा प्रकृति जड़ एवं परा प्रकृति चेतन है, भगवान बताते हैं कि मैं माला के सूत्र की तरह संपूर्ण सृष्टि में व्याप्त हूं मेरी माया बहुत दुष्कर है जो मुझे निरंतर भजते हैं वह मेरी माया से पार हो जाते हैं, हजारों मनुष्यों में कोई एक मेरी प्राप्ति के लिए प्रयास करता है और उन ऐसे हजारों व्यक्तियों में से कोई एक मुझे प्राप्त कर पाता है भगवान कहते हैं कि मैं तुम्हें जो योग दे रहा हूं उसको जानने के पश्चात फिर कोई भी विद्या जानने के लिए शेष नहीं बचती
अंत में माँ गीता जी की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर महेंद्र बाबू तिवारी, राजेंद्र सिंह भदोरिया, महेंद्र दीक्षित,बलदेव शर्मा,राजीव शर्मा,आनंद त्रिपाठी, बृजेश शर्मा,मनीष शर्मा,संतोष नरवरिया,अरविंद मिश्रा कु. दीपा शर्मा आदि उपस्थित रहे..

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निसं.) बिजली, पानी, चिकित्सा सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता मे जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुआ। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की नियमित आपूर्ति सुचारू रखने एवं मौजूदा कार्यो में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ नियमित अभियान चलाएं तथा नवीन कनेक्शनों को समय पर जारी करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत निगम को जिले में सभी जलस्त्रोतों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने नवीन ट्यूबवैलों पर समय पर कनेक्शन करने और आम उपभोक्ताओं की समस्या के निस्तारण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने ढीले तारों को टीम बनाकर कर ठीक करने एवं खराब व जले ट्रांसफार्मरों को दुरस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद को शहर में सीवरेज, ब्लॉकेज एवं ओवरफ्लो की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभाग नियमित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान करें। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग को नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखकर समस्याओं का निराकरण करने, प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिधत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सभी स्टाफ संवेदनशीलता से कार्य कर समय की पालना सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौसेवा कर पुण्यतिथि मनाई

मण्डावा । मुकुन्दगढ मार्ग स्थित कामधेनू गौशाला में मंगलवार को मंडावा स्थित सिंघासन हवेली के संस्थापक स्वर्गीय ठाकुर प्रताप सिंह सिंहासन की 08 वीं पुण्यतिथि गोवंश को हरा चारा तरबूज गुड खिलाकर मनाई इस दौरान उनके प्रतिनिधि के रूप में श्री संदीप शर्मा, हीरालाल , श्री सोयल उपस्थित थे । गोमाता पुण्य आत्मा को प्रभु चरणों में स्थान दें और परिजनों पर अपना आशीर्वाद आजीवन बनाए रखे।



# जिला प्रशासन ने हीटवेव से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

### आमजन के लिए लू से बचाव के दिशा निर्देश जारी

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निसं.) प्रदेश में बढ़ते तापमान गर्मी, लू-ताप की लहर (हीटवेव) की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि हीट वेव (लू-ताप) की स्थिति के प्रभावी शमन एवं प्रबंधन के लिए 'गर्मी, लू-ताप की लहर (क्या करें और क्या न करें)' विषयक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे इन दिशा-निर्देशों का पालन कर स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें। उन्होंने नागरिकों, नियोक्ताओं एवं पशुपालकों से अपील की है कि वे लू के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बच्चों, वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों का अतिरिक्त ध्यान रखें। आमजन को सलाह दी गई है कि वे स्थानीय मौसम की अद्यतन जानकारी रेडियो, दूरदर्शन, समाचार पत्रों अथवा मोबाइल एप के माध्यम से नियमित रूप से प्राप्त करते रहें। पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें तथा ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी एवं छाछ जैसे घरेलू पेय पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करें। धूप में बाहर निकलते समय हल्के रंग के, ढीले एवं सूती वस्त्र पहनें तथा सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें। आंखों एवं त्वचा की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे एवं सनस्क्रीन का उपयोग करें। नियोक्ताओं को निर्देशित किया गया है कि कार्यस्थलों पर शीतल पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा सामग्री (ओआरएस, आइस पैक आदि) की उपलब्धता सुनिश्चित करें। श्रमिकों को सीधी धूप से बचाने हेतु छायादार स्थान उपलब्ध कराए जाएं तथा भारी श्रम वाले कार्य प्रातः या सायंकाल के समय ही कराए जाएं। कार्यस्थलों पर हीट स्ट्रेस के लक्षणों के प्रति जागरूकता सुनिश्चित की जाए तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे पशुओं को छायादार स्थान पर रखें तथा स्वच्छ एवं ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे के मध्य पशुओं से कार्य नहीं लिया जाए। शेड की छतों को पुआल से ढकने अथवा सफेद रंग, चूने से पुताई करने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त पशुओं के चारे में हरे चारे एवं खनिज मिश्रण (मिनरल मिक्स) का समावेश करने तथा समय-समय पर पानी का छिड़काव करने की भी सलाह दी गई है। आमजन को यह भी सलाह दी गई है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचें। खाली पेट अथवा अत्यधिक भारी भोजन कर बाहर न जाएं तथा अधिक प्रोटीनयुक्त एवं बासी भोजन के सेवन से परहेज करें। शराब, चाय, कॉफी एवं कार्बोनेटेड पेय पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये शरीर में जल की कमी उत्पन्न करते हैं। बच्चों एवं पालतू पशुओं को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। अत्यधिक शारीरिक गतिविधि से बचें तथा बार-बार ठंडे पानी से चेहरा एवं हाथ धोते रहें। आपातकालीन स्थिति में यदि किसी व्यक्ति को चक्कर, अत्यधिक पसीना, कमजोरी, सिरदर्द अथवा मतली का अनुभव हो, तो उसे तुरंत ठंडे स्थान पर ले जाकर गीले कपड़े से शरीर को ठंडा करें तथा ओआरएस अथवा नींबू पानी पिलाएं। हीट स्ट्रोक के गंभीर लक्षण जैसे बेहोशी, तेज बुखार या भ्रम की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं अथवा टोल-फ्री नंबर 108 अथवा 112 पर संपर्क करें ताकि समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



## मैंने कभी एक्ट्रेस बनने के बारे में नहीं सोचा था

शरवरी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म में वेदांग रैना के साथ नजर आने वाली हैं और फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें एक्टिंग वर्कशॉप्स काफी पसंद थीं, लेकिन उन्होंने कभी एक्ट्रेस बनने के बारे में नहीं सोचा था। जानिए एक्ट्रेस ने क्या कुछ कहा।
इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने 11वीं में साइंस स्ट्रीम ली थी क्योंकि उनका सपना सिविल इंजीनियर बनने का था। उनके पिता बिल्डर हैं और मां इंटीरियर डिजाइनर और आर्किटेक्ट, इसलिए उन्हें लगा कि वही रास्ता उनके लिए सही रहेगा। शरवरी ने कहा, 'मैंने कभी अपने पैरेंट्स को एक्टिंग के लिए मनाने की कोशिश नहीं की, क्योंकि वो हमेशा मेरे सपनों के साथ खड़े रहे। कॉलेज के दौरान मैंने एक टैलेंट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और उसे जीतने के बाद मुझे ऑडिशन मिलने शुरू हो गए।'
हालांकि शुरुआत में उन्होंने इसे सिर्फ एक एक्सपेरिमेंट की तरह लिया, लेकिन उनके माता-पिता ने एक्टिंग के लिए उनका जुनून महसूस कर लिया था। शरवरी ने बताया, 'एक दिन मेरे पैरेंट्स ने मुझसे पूछा कि क्या तुम एक्ट्रेस बनना चाहती हो? उस पल सबकुछ बदल गया। मैंने कभी खुद से भी यह बात खुलकर नहीं कही थी, लेकिन जब उन्होंने पहली बार इसे जोर से कहा, तब मुझे हिम्मत मिली। मैं हर रात यह सपना देखती थी, लेकिन खुद से भी स्वीकार नहीं कर पाती थी।' शरवरी ने कहा कि उस सवाल के जवाब में उन्होंने सिर्फ 'हां' कहा और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।



## करुप्पु के लिए तृषा और सूर्या ने कितनी फीस चार्ज की

**आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित फिल्म 'करुप्पु' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। जानिए कि 'करुप्पु' के लिए तृषा कृष्णन, सूर्या और बाकी पांच अभिनेताओं ने कितनी फीस ली है।**

### तृषा कृष्णन

'थग लाइफ' में आखिरी बार नजर आईं तृषा कृष्णन की फिल्म 'करुप्पु' रिलीज हो गई है। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित इस एक्शन ड्रामा फिल्म में तृषा एक वकील की भूमिका में हैं। सूर्या के साथ मुख्य भूमिका निभा रहीं तृषा ने इस फिल्म में अपने रोल के लिए 5 करोड़ रुपये फीस ली है।

### सूर्या

फिल्म में सूर्या डबल रोल निभा रहे हैं। इस फिल्म में सबसे ज्यादा फीस फिल्म के मुख्य अभिनाता सूर्या ने ली है। इस एक्शन फिल्म में सूर्या- सरवनन और करप्पुस्वामी की भूमिका निभाते नजर आए। सूर्या ने इस फिल्म के लिए 45 करोड़ रुपये की भारी भरकम फीस ली है।

### आरजे बालाजी

आरजे बालाजी ने न सिर्फ 'करुप्पु' का निर्देशन किया है, बल्कि इसमें अभिनय भी किया है। बालाजी अपनी इस फिल्म में एक खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे,



जिसका नाम बेबी कन्नन है। उन्होंने इसके लिए 4 करोड़ रुपये फीस ली है।

### योगी बाबू

ज्यादातर साउथ फिल्मों में अपनी दमदार कॉमेडी से सभी को हंसाने वाले योगी बाबू फिल्म 'करुप्पु' में सहायक कलाकार की भूमिका में से एक हैं। 'करुप्पु' के लिए योगी बाबू ने 2 करोड़ रुपये फीस ली है।

### बाकी कलाकारों की फीस

'करुप्पु' के लिए नट्टी सुब्रमण्यम, इंद्रन्स और स्वासिका जैसे शानदार कलाकारों ने भी अपनी भूमिकाओं के लिए लाखों-करोड़ों की फीस ली है। मोहनलाल की फिल्म 'पैट्रियट' में आखिरी बार नजर आए इंद्रन्स की अगली फिल्म 'करुप्पु' के लिए 80 लाख रुपये लिए हैं। स्वसिका ने 'थम्मुडु' और 'रेट्रो' जैसी कई फिल्में की हैं। 'करुप्पु' में, अभिनेत्री की सहायक भूमिका है, जिसके लिए उन्होंने 40 लाख रुपये चार्ज किए हैं।



## मेरे कई रोल स्टारकिड्स को मिल गए

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वो शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अभी सिर्फ फिल्म का एक गाना सामने आया है, जिसे पसंद किया जा रहा है। इस बीच कृति ने अपने ड्रीम रोल के बारे में बात की।
इस दौरान कृति ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने सफर और संघर्षों को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें लंबे समय तक सिर्फ निराशा हाथ लगी और मनचाहे किरदार नहीं मिले। लेकिन बाद में 'मिमी' ने उनके लिए सबकुछ बदल दिया। एक्ट्रेस ने कहा कि कुछ भूमिकाएं ऐसी थीं जिनके मैं बहुत करीब पहुंच गई थी, लेकिन अंततः वे स्टार किड्स को मिल गईं, जो मेरे बस में नहीं था। जब आप फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं आते हैं, तो आपको बहुत अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ता है। यह चलता रहा, इस दौरान मैंने जोखिम उठाए और अधिक सोच-समझकर फैसले लिए। मैंने हर मौके को अपनी मेहनत से कमाया है। मुझे कुछ भी आसानी से नहीं मिला। एक दौर ऐसा भी था जब कुछ भी काम नहीं कर रहा था और सब कुछ उलझन भरा लग रहा था। हालांकि, मैं उस दौर के लिए आभारी हूं, क्योंकि इसने मुझे यह स्पष्ट कर दिया कि मैं क्या नहीं करना चाहती। असफलताएं आपको सफलता से कहीं अधिक सिखाती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति अब 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उनके साथ शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना भी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे। 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### रेखा की बायोपिक करना चाहती हैं कृति

बातचीत में जब कृति सेनन से पूछा गया कि वह किसकी बायोपिक का हिस्सा बनना चाहेंगी, तो कृति के मन में सिर्फ एक ही नाम था- रेखा। रेखा के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा कि उन्होंने जिंदगी को अपनी शर्तों पर जीया है। इसलिए मुझे वह बेस्ट लगती हैं। मुझे पता है कि मैं उनके जैसी बिल्कुल नहीं दिखती, लेकिन मैं उनसे प्यार करती हूं। उनका दिल, उनका साहस, उनका व्यक्तित्व। वह मिलनसार, बुद्धिमान हैं।

## सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर कुल प्रीत सिंह का बयान

आज के समय में सोशल मीडिया कलाकारों के लिए यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां लोकप्रियता भी मिलती है और आलोचना भी। एक तरफ जहां फैंस अपने पसंदीदा सितारों से जुड़ पाते हैं, वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन ट्रोलिंग भी तेजी से बढ़ रही हैं। इसी मुद्दे पर अब अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने आईएएनएस संग बातचीत में अपनी बेबाक राय रखी। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव और उससे दूरी बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। आईएएनएस से बात करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने कहा, ''एक कलाकार के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह सोशल मीडिया पर चल रहे शोर और लगातार आने वाली प्रतिक्रियाओं से खुद को अलग रखना सीखे। अगर कोई कलाकार इंटरनेट पर लिखी हर बात को दिल से लगाने लगे, तो उसका असर उसके काम और मानसिक स्थिति दोनों पर पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि उनको अपनी ऊर्जा अपने काम पर लगानी चाहिए।'' रकुल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ''जब मैंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब सोशल मीडिया इतना व्यापक नहीं था। उस समय कलाकारों को आज की तरह तुरंत प्रतिक्रिया नहीं मिलती थी, जिससे मानसिक दबाव भी कम रहता था। उस दौर में आलोचना और चर्चा का तरीका अलग था, जबकि आज के समय में हर व्यक्ति अपनी राय तुरंत और मुखर होकर सोशल मीडिया पर व्यक्त करता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''कोरोना महामारी के बाद सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। पिछले कुछ सालों में लोगों के पास ज्यादा समय था। इसका असर यह हुआ कि अब हर विषय पर लोगों की राय बहुत तेजी से सामने आती है और कलाकारों को लगातार आलोचना और टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है।'' रकुल प्रीत सिंह ने कहा, ''एक अभिनेता को इस शोर से खुद को दूर रखना चाहिए। कलाकार का काम अभिनय करना और अपने किरदार को बेहतर तरीके से निभाना है, न कि हर ऑनलाइन ट्रोलिंग का जवाब देना। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया की हर बात को गंभीरता से लेने लगेगा, तो उसका ध्यान भटक जाएगा और उसका काम भी प्रभावित हो सकता है।''





## इंटरनेट वाला ओरी और असली, जिंदगी वाला ओरी अलग नहीं है

**इंटरनेट सेंसेशन, बॉलीवुड पार्टियों के परमानेंट गेस्ट और सोशल मीडिया के सबसे रहस्यमयी चेहरों में शामिल ओरी अब 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आएंगे। लेकिन शो से पहले उन्होंने बातचीत में साफ कह दिया कि लोग उन्हें जितना पार्टी बॉय समझते हैं, वे उससे कहीं ज्यादा हैं।**

ओरी का कहना है कि लोग अक्सर सोचते हैं कि सोशल मीडिया वाला ओरी सिर्फ कैमरों के लिए बनाया गया एक कैरेक्टर है। लेकिन उनके मुताबिक ऐसा बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा, 'सिर्फ एक ही ओरी है। लोग सोचते हैं कि इंटरनेट वाला ओरी और असली जिंदगी वाला ओरी अलग होंगे, लेकिन ऐसा नहीं है। मैं नकली रूप बनाकर नहीं जीता। लेकिन हां, यह पहली बार है जब मैं इतने लंबे फॉर्मेट में लोगों के सामने रहूंगा। इसलिए सच कहूं तो मैं खुद भी उत्साहित हूं यह देखने के लिए कि दबाव, डर और मुश्किल हालात में मेरा कौन सा रूप बाहर आता है। शायद लोग पहली बार मुझे ग्लैमर और फिल्टर्स के बिना देखेंगे'।

### उम्मीद है कि रोहित को भी मेरी वाइब पसंद आए

अपने कॉन्फिडेंस को लेकर ओरी बिल्कुल भी पीछे नहीं हटे। उनका कहना है कि उनके बारे में हर चीज अपने आप में एंटरटेनमेंट है। 'मुझे सच में लगता है कि मेरे बारे में हर चीज एंटरटेनिंग है। चाहे मेरी एनर्जी हो, मेरी पर्सनैलिटी हो, मेरा बोलने का तरीका हो या मेरे रिएक्शंस... लोग मुझे नजरअंदाज नहीं कर सकते। शायद यही वजह है कि बिना कुछ समझाए भी लोग लगातार मेरे बारे में बात करते रहते हैं। बस उम्मीद है कि रोहित शेट्टी को भी मेरी वाइब पसंद आए।'

### लोगों ने मान लिया कि मैं मानसिक रूप से मजबूत नहीं हो सकता

जब ओरी से पूछा गया कि वह इस शो के जरिए लोगों की कौन सी राय बदलना चाहते हैं। तो उन्होंने कहा, 'लोग सोचते हैं कि मैं कमजोर हूं। सिर्फ इसलिए क्योंकि मैं ग्लैमरस लाइफ जीता हूं, पार्टियों में दिखता हूं, लक्जरी पसंद करता हूं..., लोगों ने मान लिया कि मैं मानसिक रूप से मजबूत नहीं हो सकता। लेकिन ताकत सिर्फ मसल्स या गुस्से में नहीं होती। कभी-कभी सबसे मजबूत लोग वही होते हैं जो दबाव में भी खुद को खोते नहीं हैं। और शायद खतरों के खिलाड़ी में लोग पहली बार वो देखेंगे।'

### मैं सिर्फ वायरल नहीं हूं... खिलाड़ी भी हूं

शो साइन करने की वजह बताते हुए ओरी ने कहा कि वह सिर्फ एक और कंटेस्टेंट बनने नहीं आए हैं। 'मैंने खतरों के खिलाड़ी सिर्फ एक और कंटेस्टेंट बनने के लिए साइन नहीं किया। मैंने यह शो इसलिए किया क्योंकि मैं दुनिया को दिखाना चाहता हूं कि मैं सिर्फ वायरल नहीं हूं। मैं खिलाड़ी भी हूं।'

### लोगों ने मुझे इंटरनेट कैरेक्टर बना दिया

अपनी वायरल इमेज को लेकर ओरी ने बेहद विवादित बयान दिया। उनका कहना है कि लोगों ने उनके बारे में जो धारणा बना ली है। वह उनकी खुद की बनाई हुई नहीं है। 'लोगों ने मेरी यह इमेज बनाई है। लोगों ने मुझे मिस्ट्री बॉय बना दिया, सेलिब्रिटी बेस्ट फ्रेंड बना दिया, इंटरनेट कैरेक्टर बना दिया। लेकिन मैंने कभी खुद को उस तरह पेश नहीं किया। मजेदार बात यह है कि लोग पहले आपको एक कैरेक्टर बनाते हैं...फिर उसी कैरेक्टर को जज भी करने लगते हैं। अगर ऑडियंस अब मेरा कोई दूसरा साइड देखेंगे, तो मुझे उससे कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि वह इमेज उनकी बनाई हुई थी, मेरी नहीं।'

### मुझे रेप्टाइल्स से नहीं... हारने से डर लगता है

आखिर में जब ओरी से पूछा गया कि उन्हें सबसे ज्यादा डर किस चीज से लगता है, तो उनका जवाब बेहद सीधा था। 'मुझे रेप्टाइल्स से डर नहीं लगता। मुझे खतरनाक स्टंट्स से डर नहीं लगता। लेकिन हां... मुझे हारना पसंद नहीं है, क्योंकि एक बार अगर लोगों को लगने लगे कि आप हार गए हो, तो वो आपको गंभीरता से लेना बंद कर देते हैं। और मैं कभी वो इंसान नहीं बनना चाहता।'



## उप जिला अस्पताल में 'विश्व परिवार डॉक्टर दिवस' पर चिकित्सकों का सम्मान



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(नि.सं.)** विश्व परिवार डॉक्टर दिवस' के अवसर पर मंगलवार को उप जिला अस्पताल चाकसू में चिकित्सकों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अपर लोक अभियोजक एवं राजकीय अधिवक्ता अर्जुन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ का सम्मान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर न केवल उपचार करते हैं, बल्कि मरीजों के जीवन रक्षक के रूप में समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके समर्पण और सेवा भावना से ही स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होती है। कार्यक्रम में उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ ऋतुराज मीणा सहित डॉ गोविंद शर्मा, डॉ शंकर प्रजापत, डॉ संजय मीणा, डॉ हंसराज मीणा, डॉ हरिमोहन मीणा, डॉ रेखा शर्मा, डॉ सुषमा, डॉ शिवानी जैन, नर्सिंग अधिकारी पवन शर्मा, सीताराम गुर्जर, शिवराज गुर्जर, सत्यनारायण सैनी, यतेंद्र शर्मा व शुभम शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## 65 बालिकाओं का हुआ एचपीवी टीकाकरण, सर्वाइकल कैंसर से बचाव को बढ़ी जागरूकता

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(नि.सं.)।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रति अब अभिभावक भी रुचि दिखाने लगे हैं। विराटनगर ब्लॉक के मेड सीएचसी में अब तक 65 बालिकाओं का सफल टीकाकरण किया जा चुका है, जिससे मेड सीएचसी ब्लॉक में सबसे आगे बना हुआ है। मंगलवार को भी दो बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर मुकेश लाम्बा ने बताया कि मेड सीएचसी द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीएचसी स्टाफ अभिभावकों से व्यक्तिगत संपर्क कर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से एचपीवी टीकाकरण के महत्व की जानकारी दे रहा है, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है।डॉ. महेंद्र शर्मा ने बताया कि बाजार में यह टीका 4 से 5 हजार रुपये तक का मिलता है, लेकिन मेड क्षेत्र के सीएचसी पर यह निशुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक अभिभावकों से अपनी बालिकाओं को यह टीका लगवाने की अपील की।टीकाकरण अभियान में एएनएम मौसम देवी, संजू मीणा, संतोष शर्मा, हेमलता शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का विशेष सहयोग रहा।



## 21 मई से राठी वाला मंदिर में गूंजेगी श्रीमद् भागवत कथा, 20 मई को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

जयपुर टाइम्स

**पावटा(नि.सं.)।** कस्बे के भौनावास रोड स्थित प्रसिद्ध राठी वाला मंदिर परिसर में 21 मई से 28 मई तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महंत श्री राधा मोहन दासजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में वृंदावन धाम से पधार रहे कथा वाचक आचार्य अभिषेक पाठक श्रद्धालुओं को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। आयोजन समिति के अनुसार 20 मई बुधवार को शाम 4 बजे मंदिर परिसर से महिलाओं की विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा राठी वाला मंदिर से रवाना होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहेगा। वहीं 21 मई गुरुवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण का मूल पाठ होगा, जिसके बाद दोपहर 2 बजे कथा का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। कथा का समापन 27 मई को शाम 6 बजे होगा। इसके बाद 28 मई गुरुवार को दोपहर 12:15 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल, प्रसादी एवं अन्य व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है ]

## चांदपुर के पास निजी बस और स्कॉर्पियो गाड़ी की भिड़ंत, 7 लोग हुए घायल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(नि.सं.)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के बाड़ी रोड पर स्थित चांदपुर के पास एक निजी बस और स्कॉर्पियो गाड़ी की भिड़ंत हो गई जिसमें सवार लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल के ट्रॉमा बाद में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती घायल रवि ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ आगरा से गाड़ी में सवार होकर केला देवी दर्शन करने जा रहे थे इसी दौरान मंगलवार दोपहर 1बजे चांदपुर के पास पहुंचते ही अचानक सामने से आ रही निजी बस की भिड़ंत हो गई, स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार सत्यवती पत्नी ,महावीर अर्पिता पुत्री, रामकुमार अवनी पुत्री, रवि रामकुमार पुत्र ,अशोक रवि पुत्र महावीर और रूबी पत्नी रामकुमार घायल हो गए वहीं बस में सवार नीरज पुत्र रामविलास निवासी मतसूरा भी घायल हुआ है जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रूबी पत्नी रामकुमार की हालत गंभीर बनी हुई है।



# विपक्ष गैस और पेट्रोल को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाकर कर रहा है केवल नाटकबाजी : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष के बेबुनियादी आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि अशोक गहलोत तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन वे जोधपुर सहित प्रदेश में स्थायी जल व्यवस्था तक सुनिश्चित नहीं कर पाए। यह सोचने का विषय है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने समुचित व्यवस्थाएं विकसित नहीं कीं। वर्तमान भाजपा सरकार जल संकट के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। राठौड़ ने कहा कि जोधपुर में पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है, हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ समस्याएं सामने आई हैं। राज्य सरकार घर-घर जल पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। भाखड़ा बांध से क्लोजर आने के कारण कुछ समय के लिए परेशानी उत्पन्न हुई थी, लेकिन अब धीरे-धीरे व्यवस्थाएं सामान्य हो रही हैं। राठौड़ ने गोविंद सिंह डोटासरा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को भाजपा कार्यालय का घेराव करने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए। जिन घटनाओं को लेकर वे आरोप लगा रहे हैं, उनका भाजपा से कोई संबंध नहीं है। यह सब कांग्रेस से जुड़े लोगों का ही किया हुआ कारनामा है। इसमें भाजपा का कोई दोष नहीं है। गैस–तेल संकट पर राठौड़ ने कहा कि विपक्ष केवल राजनीति करने की कोशिश कर रहा है। इस प्रकार की हल्के स्तर की राजनीति करना उचित नहीं है। विपक्ष अच्छी तरह जानता है कि वर्तमान में गल्फ देशों में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और वहां युद्ध जैसे हालात हैं। उत्पादन केंद्रों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देशहित में प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है। हार्मुज मार्ग से आज भी भारतीय पोत सुरक्षित आ-जा रहे हैं और आवश्यक आपूर्ति बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार लगातार सक्रिय है। विपक्ष को बेवजह भ्रम फैलाने के बजाय सरकार के प्रयासों की सराहना करनी चाहिए। राठौड़ ने कहा कि विपक्ष गैस और पेट्रोल को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाकर केवल नाटकबाजी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने केवल मितव्ययिता अपनाने और अनावश्यक खर्च से बचने की सलाह दी है। परिवार का मुखिया भी यही कहता है कि आवश्यक कार्य करें और अनावश्यक खर्च कम करें। वाहन शेयर करने जैसी अपील समाजहित और राष्ट्रहित में है, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विशेष परिस्थिति में होने के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता रेना द्वारा पक्षियों के लिए परिंडा लगाने के जज्बे की सराहना की। राठौड़ ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए हमें पशु–पक्षियों के लिए दाना–पानी की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। हर व्यक्ति को परिंडा लगाने के साथ ही उसमें पानी की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए।

## नई सड़क कार्य प्रगति के दौरान असामाजिक लोगों द्वारा तोडी गई

### शिकायत के बाद तुरन्त प्रभाव से पुलिस मौके पर पहुंची

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(नि.सं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरधारीलालपुरा का मामला सामने आया है वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गिरधारीलाल पुरा से नैनवा की ढाणी में सार्वजनिक नई सड़क को असामाजिक दबंग व्यक्ति द्वारा जानबूझकर तोड़ने एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है। इस दौरान ग्रामवासी गिरधारीलालपुरा, नैनवा की ढाणी के लोगों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में पिछले लगभग 50 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद सरकार द्वारा जनहित में एक नई डामर सार्वजनिक सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। वहीं लोगों ने बताया कि दिनांक 18 मई 2026 की रात को गांव के कुछ असामाजिक दबंग व्यक्ति ने अपनी निजी रंजिश और दुर्भावना के कारण इस नई सरकारी सड़क को तीन अलग-अलग मुख्य जगहों से जानबूझकर पूरी तरह तोड़ दिया और नष्ट कर दिया है। सड़क तोड़े जाने के कारण वर्तमान में पूरी ढाणी का मुख्य रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमार बुजुर्गों और दूध-सब्जी का काम करने वाले ग्रामीणों का आना-जाना पूरी तरह ठप हो चुका है। इसी समस्या को लेकर चाकसू विधायक और उपखंड अधिकारी को लिखित में अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मौके पर तुरंत प्रशासनिक एवं पुलिस जांच करवाई गई। और दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। और निर्माण एजेंसी पी डब्ल्यू डी और पंचायत को निर्देशित कर हमारे गांव की सड़क को पुनः दुरुस्त करवाया गया।

## कानून के मंदिर को मिलेगा नया ठिकाना, 20 मई को पावटा रचेगा इतिहास

जयपुर टाइम्स




**पावटा(नि.सं.)।** कस्बे की न्यायिक व्यवस्था के लिए 20 मई का दिन खास और ऐतिहासिक बनने जा रहा है। लंबे समय से प्रतीक्षित अभिभाषक संघ पावटा के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण राजस्थान सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। अभिभाषक संघ परिसर में सुबह 11:15 बजे आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम केवल भवन उद्घाटन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अधिवक्ताओं के नए दायित्वों और संकल्पों का भी साक्षी बनेगा। समारोह के दौरान शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिससे न्यायिक व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कुलदीप धनखड़ करेंगे। वहीं सांसद मंजू शर्मा, सांसद राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, विधायक हंसराज पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी समारोह में मौजूद रहेंगे। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव एवं एडवोकेट विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि विधायक कोष से निर्मित यह आधुनिक भवन अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं और कार्य करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने इसे न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में अहम पहल बताया। समारोह में जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह, एसडीएम डॉ. साधना शर्मा, तहसीलदार लोकेन्द्र मीणा सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां भी शिरकत करेंगी। अभिभाषक संघ पदाधिकारियों ने क्षेत्र के अधिवक्ताओं एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने की अपील की है।

## नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने दिव्यांग सरदार मीणा को भेंट की स्कूटी, चेहरे पर लौटी मुस्कान

### मालेरा निवासी सरदार मीणा को भेंट की स्कूटी, भाजपा कार्यकर्ताओं का रहा जनसहयोग




जयपुर टाइम्स

**जयपुर/जाटावाली (नि.सं.)**विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मालेरा (जाटावाली) निवासी दिव्यांग सरदार मीणा को उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार देर शाम भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के जनसहयोग से एक स्कूटी भेंट की। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का उपस्थित लोगो ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। शारीरिक दिव्यांगता के चलते सरदार मीणा को चलने-फिरने और अपनी रोज़मर्रा की दिनचर्या के कार्यों को पूरा करने में लंबे समय से भारी परेशानियों और असहनीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। भाजपा कार्यकर्ता प्रकाश हाटवाल ने जैसे ही समस्या बताई तो तुरंत समस्या को संज्ञान में लेते हुए रामलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत उन्हें स्कूटी उपलब्ध करवाई। पूर्व विधायक शर्मा ने दिव्यांग सरदार मीणा को माला साफा पहनाकर सम्मान करते हुए स्कूटी भेंट की। जैसे ही पूरे विधायक रामलाल शर्मा ने सरदार मीना को स्कूटी भेंट की उनकी आंखों में खुशी के आंसू झलक आए और सरदार मल मीणा ने कहा कि मैं पिछले 16 साल से मकान की चार दिवारी में मैं पड़ा रहता हूं, लेकिन किसी भी नेता ने मेरा संज्ञान नहीं लिया किसी ने भी मेरा दुख दर्द नहीं पूछा आप मेरे लिए ईश्वर के रूप में आए हो और सभी ग्राम वासियों ने पूर्व विधायक रामलाल जी शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए रामलाल शर्मा ने कहा 'मेरा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आए, उनका जीवन सुगम बने और वे आत्मनिर्भर हो सकें। भाई सरदार मीणा के चेहरे पर आई यह मुस्कान ही मेरी जनसेवा की असली ताकत और प्रेरणा है। मैं उनके उज्जवल, सुगम और सुरक्षित भविष्य की मंगलकामना करता हूँ। इस दौरान भाजपा कार्यालय प्रभारी (उत्तर देहात जयपुर) प्रकाश हाटवाल, महामंत्री जमन लाल सैनी, महामंत्री महेश योगी, प्रशासक मांगी लाल शर्मा, रघुनाथ हाटवाल, शंकर लाल हाटवाल, श्याम लाल हाटवाल, फूलचंद हाटवाल, बन्ना लाल शर्मा, साधु राम मीणा, छीतर मल मीणा, नन्दु राम मीणा, लालचंद मीणा, प्रभु हाटवाल, कजोड़मल मीणा, गणपत लाल मीणा, पप्पू हाटवाल, गोकुल मांड्या, बाबू शर्मा, किशोर मल मीणा, रामधन मीणा, शंकर लाल मीणा, रामकरण मीणा, दौलत मीणा, महेंद्र चौधरी, सूर्यप्रकाश जांगिड़, गोवर्धन खारवाल, मालीराम खारवाल, संतु खारवाल, मानप्रकाश मीणा, सुरेंद्र मीणा और सरदार जाट सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## आरटीई के बकाया पैसे दिलाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**जालोर(नि.सं.)** राजस्थान में प्राइवेट स्कूलों के सबसे बड़े संगठन स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा जिलाध्यक्ष विक्रमसिंह राठौड़ धानसा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जालोर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आरटीई पुनर्भरण राशि का भुगतान शीघ्र करने सहित अन्य माँगों का निस्तारण करने की माँग की। उन्होंने बताया कि आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की पुनर्भरण राशि का भुगतान पिछले लम्बे समय से बकाया होने के कारण विद्यालयों के संचालन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, अतः सत्र 2025-26 की दोनों किश्तों सहित पिछले सत्रों की बकाया आरटीई पुनर्भरण राशि का भुगतान जल्दी से जल्दी करवाने का कष्ट करावें। इसी प्रकार जालोर जिले में बिना मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं की उच्च स्तरीय जाँच करवाकर आरटीई एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही की जावें। ज्ञापन में बताया कि जिले में डमी एडमिशन का कारोबार खूब चल रहा है जो कि न्यायोचित नहीं है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक के निर्देशों का खुला उल्लंघन हो रहा है। इसके लिए उच्च स्तरीय जाँच समिति बनाकर डमी एडमिशन देने वाली संस्थाओं एवं डमी एडमिशन लेने वाली संस्थाओं की मान्यता समाप्ति की कार्यवाही की जाएं। इस दौरान विक्रमसिंह राठौड़ धानसा , ललित शर्मा भीनमाल, हरिश पटेल पावली , जयन्तिलाल प्रजापत आहोर , मगनलाल जसवंतपुरा , छैलगिरी गोस्वामी रानीवाड़ा , बलवंत सारण , जबराराम बागोड़ा , जितेन्द्र सिंह भागली, नारायण सिंह तूरा , राहुलसिंह आहोर , विष्णु दत्त व्यास , कार्तिक दवे सहित जिलेभर के सैकड़ों गैर सरकारी विद्यालयों के संस्था-प्रधान मौजूद थे ।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग को लेकर कांग्रेस कल प्रदेश भाजपा कार्यालय का घेराव करेगी, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**जयपुर।** देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक नीट-2026 का पेपर लीक होने व इसमें भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आने के विरोध में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग तथा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग करते हुये राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी कल जयपुर में भाजपा प्रदेश मुख्यालय का घेराव कर विरोध-प्रदर्शन करेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि नीट-2026 की परीक्षा का पेपर लीक होना देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जिसके लिये केन्द्र सरकार तथा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पूरी तरह से जिम्मेदार है। नीट-2026 के पेपर लीक में भाजपा के नेताओं की संलिप्तता सामने आई है तथा जॉच में पाया गया कि अपराधी ने नीट-2025 का पेपर भी खरीद कर लीक करवाया और नीट-2024 का पेपर भी लीक हुआ था, किन्तु केन्द्र सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के विरूद्ध कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की जो प्रमाणित करता है कि देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ केन्द्र सरकार लगातार खिलवाड़ कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा कराई जा रही परीक्षाओं के पेपर लीक होने और परीक्षायें निरस्त होने की एक लम्बी सूची है, किन्तु भाजपा की सरकार ने किसी भी जिम्मेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही नहीं की और प्रदेश की भाजपा सरकार ने नीट-2026 का पेपर लीक होने की जानकारी मिलने के बावजूद इस प्रकरण को लम्बे समय तक दबाये रखा व प्रदेश में प्राथमिकी तक पुलिस ने दर्ज नहीं करी जो सीधे-सीधे लाखों छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात करने के समान है। लगातार नीट परीक्षा के पेपर लीक होने से रोकने में केन्द्र सरकार विफल रही है और जिम्मेदारों को बचा रही है जिस कारण केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे तथा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस द्वारा कल प्रातः 11 बजे प्रदेश भाजपा मुख्यालय का घेराव किया जायेगा। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रातः 10 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर पर एकत्रित होंगे और यहाँ से जुलूस के रूप में शहीद स्मारक होते हुये प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुँचकर घेराव एवं विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

## प्राधिकरण के हस्तक्षेप से पीड़िता को ससुराल से पहुंचाया पीहर

### ससुराल में किया जा रहा था मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित




जयपुर टाइम्स

**जालोर(नि.सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहसान के हस्तक्षेप से मंगलवार को एक पीडिता को उसके ससुराल से पीहर भिजवाया गया। पीडिता की मांग पर पुलिस सुरक्षा के बीच प्राधिकरण के सरकारी वाहन के माध्यम से बागोड़ा थाना पहुंचाया गया जहां से थाने की मदद से पीहर भेजा गया। जानकारी के अनुसार बागोडा थाना क्षेत्र के मोरसीम गांव की एक पीडिता ने सखी सन स्टाप सेंटर में उसके पति व अन्य द्वारा प्रताडित करने का आरोप लगाते हुए अपनी पीड़ा बताई कार्यवाही की मांग की थी। वन स्टॉप सेंटर की ओर से पीडिता की शिकायत पर काउंसलिंग के लिए टीम उसके ससुराल गई और काउंसलिंग की गई लेकिन ससुराल में पीड़िता ने खुलकर वार्तालाप नहीं की। जिस पर सखी सेंटर के निवेदन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर थाने को निर्देश देकर थाने के माध्यम से पीडिता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में काउंसलिंग के लिए बुलाया गया। मंगलवार को महिला पुलिस के माध्यम से पीडिता प्राधिकरण में पहुंची। प्राधिकरण कार्यालय में सचिव अहसान अहमद ने पीडिता से वार्ता कर उसकी परिवेदना सुनी। इस दौरान पीडिता ने बताया कि उसके पति सहित अन्य ससुराल वालों की ओर से मानसिक व शारीरिक रूप से यातना दी जा रही है। पीडिता ने अपने ससुराल नहीं जाने एवं पीहर भेजने की बात कही। लीगलएड डिफेंस काउंसिंल को निर्देश देकर काउंसलिंग करवाई गई। पीडिता ने पुलिस सुरक्षा में अपने पीहर माता के घर जाने की इच्छा जताई तथा सुरक्षा में उसके पीहर छोड़ने की बात कही। जिस पर प्राधिकरण के सचिव ने पीडिता को प्राधिकरण के सरकारी वाहन में पुलिस सुरक्षा के साथ बागोड़ा थाने में पहुंचाया गया जहां से पुलिस के साथ उसको उसको पीहर भेजा गया। कुछ दिन बाद प्राधिकरण में और काउंसलिंग की जाएगी।

## खाद्य विभाग द्वारा राशनकार्ड एक्टिव करने का विकल्प पोर्टल से हटाया

**धौलपुर** गिव-अप अभियान के दौरान जिले के कई उपभोक्ताओं के राशनकार्ड डिलीट हो गए एवं उनका गेहूं बंद हो गया है। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि ऐसे राशनकार्ड धारियों द्वारा राशनकार्ड एक्टिव करने एवं गेहूँ पुनः प्रारम्भ करने के लिए जिला रसद कार्यालय में आवेदन किया जा रहा है। जिला रसद कार्यालय द्वारा इन आवेदनों की जांच कर पात्र पाए गए राशनकार्डो को एक्टिव कर गेहूँ प्रारम्भ करवाया जा रहा है।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल फुलेरा ( जिला) जयपुर

कंमाक / न.पा. फु/ 2025-26 /461 दिनांक 18/5/26

**-: आपत्ति सूचना :-**

एतद्वारा हितबद्ध व्यक्ति विषे आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा आवासीय पट्टा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | मुल पट्टा धारक | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मुकेश छाबा पुत्र श्री भंवर लाल | प्लाट नं. 03 वाके खोजी वाटिका फुलेरा, | श्री सोराम सामोता पुत्र श्री भंवर लाल सामोता | 214.66 | लीज फ्री होल्ड आवासीय पट्टा |

किसी भी व्यक्ति को निम्नाकिंत ईजाजत बाबत आपति हो तो आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत करावे । बाद मयाद गुजरने आपति मान्य नही होगी ।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

# राजलदेसर अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(नि.सं.)।** राजकीय चिकित्सालय में इलाज में लापरवाही के कारण एक मरीज की मौत का मामला गरमा गया है। मृतक रामलाल भाट के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर कपिल धाभाई ने मरीज को समय पर रेफर नहीं किया, जिससे उसकी जान चली गई। सुबह 9 बजे भर्ती मरीज को दोपहर बाद बीकानेर रेफर किया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से आक्रोशित परिजनों और भीम आर्मी व किसान सभा जैसे संगठनों के पदाधिकारियों ने शव को डी-फ्रिज में रखकर अस्पताल के बाहर धरना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। धरनार्थी डॉक्टर को बर्खास्त करने और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। रात्री में ही सीआई सुरेन्द्र बारूपाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होने धरनार्थियों को शव राजकीय चिकित्सालय में रखने की समझाइश की। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांग पड़ अडे रहे। सुबह विधायक



पुसाराम गोदारा,पुर्व पालिका अध्यक्ष गोपाल मारू, विरिष्ठ नेता हंसराज पारीक, कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर, निवृतमान पालिका उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश घिटाला, लाभचंद सोनी, सांवरमल ढाका, किसान सभा के कामरेड भादर भाम्भू, भीम आर्मी से श्रवण बारूपाल, मेघवाल महासभा के कालूराम मेघवाल सहित सभी राजनीतिक पार्टी के लोग धरने के समर्थन में बैठे।बीसीएमएचओ मनीष तिवारी, तहसीलदार हरदिप सिंह मौके पर पहुंचकर धरनार्थियों से वार्ता की लेकिन सहमति नहीं बनी। दोपहर बाद उपखण्ड अधिकारी मिथलेश कुमार सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा भी मौके पर पहुंचकर वार्ता की जिस पर काफी समझाईश के बाद धरनार्थियों व परिजनों से सहमति बनी। जिसके बाद परिजनों ने शव को जिला अस्पताल रतनगढ की मोर्चरी में रखवाकर शव का पोस्टमार्टम मेडिकल टिम द्वारा विडियो ग्राफी के साथ पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया। घटना में पुलिस उपाधीक्षक इन्सारखान , थानाधिकारी सुरेन्द्र बारूपाल जाप्ते के साथ मौक़े पर तैनात रहे। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने पत्रकारों को बताया तीन सदस्य की कमेटी बनाकर जिसमें जिला अस्पताल के सर्जन, फिजिशियन तथा एक प्रशासनिक अधिकारी इस पुरे प्रकरण की जांच करवाकर यदी मरीज की मौत चिकित्सक इलाज में लापरवाही की वजह से हुई है तो कठोर कार्रवाई की जावेगी। डाक्टर की तुरन्त मुख्यालय पर भेज दिया गया है। चिकित्सालय की व्यवस्था प्रभावित नहीं हो इसलिए नए डाक्टर लगाये जावेगे। एमआरएस की मिटिंग कर परिजन में एक को संविदाकर्मी में भर्ती किया जावेगा। जिसकी सेवाएं निरन्तर रहेगी। उपखण्ड अधिकारी मिथलेश कुमार ने बताया मृतक के परिजनों को पाचलाख रूपये चिरंजीवी योजना के तहत तथा 10 लाख का मुवावजा राशी मुख्यमंत्री सहायता कोष से दिलाने प्रस्ताव बनाकर सरकार में भेजा जावेगा। जिस पर परिजनों के साथ सहमति बनी गई। जिस पर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया जायेगा। पुर्व पालिका अध्यक्ष गोपाल मारू ने कहा मुख्यमंत्री सहायता कोष से अधिक से अधिक मुवावजा दिलाने हेतू पुर्व विधायक अभिनेष महर्षी से वार्ता की गई है इन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पिडित परिवार को सहयोग दिलाने के लिए पुर्ण प्रयास किया जावेगा।विधायक पुसाराम गोदारा ने कहा वार्ता के दौरान तय हुआ यदि डाक्टर की लापरवाही से मृत्यु हुई है तो डाक्टर पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जावेगी तथा पिडित परिवार को अन्य सहायता राशी भी दी जावेगी। सात दिन में मेडिकल रिपोर्ट व जांच कमेटी की रिपोर्ट आ जावेगी। धरने पर कस्बे के सभी पार्टी के जन प्रतिनिधि,समाज के लोग,कस्बे के काफी लोग परिजनों की पुर्ण संतुष्ठी तक डटे रहे।

## भीषण गर्मी से तपा चूरू, पारा 44 डिग्री पार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(नि.सं.)** जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। रेतीले धोरे तपने लगे हैं और सड़कों पर डामर पिघलने जैसी स्थिति बन गई है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार दोपहर को पारा 44 डिग्री दर्ज किया गया। यहां हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। दिन के साथ-साथ रात का तापमान बढ़ने से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। लोग यहां छाछ राबड़ी सहित अनेक प्रकार के पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। सड़कों पर लोगों का आवागमन कम हो गया। लोग जरूरी काम से ही घरों के बाहर निकल रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने भी आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है कि गर्मी के इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें ताकि हिट वेव से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकें। दोपहर 12 से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचें, बाहर जाते समय सिर ढ़ककर रखें और हल्के और सूती कपड़े पहने तथा अधिक से अधिक पानी, छाछ व नींबू पानी का सेवन करने की हिदायत दी। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अभी गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

## केरल में कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनने पर चूरू में की आतिशबाजी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(नि.सं.)** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के प्रभार में केरल में विडी सतिशन के मुख्यमंत्री बनने पर नई सड़क पर नगर परिषद के पूर्व सभापति व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोविंद महनसरिया के नेतृत्व में सोमवार को आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि पायलट को इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश में भी चुनाव प्रभारी बनाया गया था, वहां भी कांग्रेस का मुख्यमंत्री बना और अब केरल में भी बन गया। उन्होंने कहा कि पायलट के नेतृत्व में राजस्थान में 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी थी। इस अवसर पर मुंशी खान, उमाशंकर शर्मा, अमर सिंह दनेवा, मुस्लिम लोहार, मुमताज लोहार, परमेश्वर रेगर, शिवम सोनी, ललित मेघवाल, आबिद मलनस, मुस्ताक पीथीसर, सलीम पिए, समीउल्लाह गौरी, कालूराम महर्षि, लक्ष्मण मेहरा, अयूब खान मलवान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एडीएम ने ताल छापर के सेंसिटिव जोन को लेकर की बैठक




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार व जिला कलक्टर चूरू के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर सुजानगढ़ संतोष मीणा की अध्यक्षता में वन्यजीव अभयारण्य ताल छापर के ईको-संसेटिव जोन (पारिस्थितिकी) संवेदी क्षेत्र की मॉनिटरिंग के संबंध में बैठक का आयोजन पंचायत समिति स्थित वीसी रूम में किया गया। बैठक में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, सहायक वन संरक्षक ताल छापर क्रांतिसिंह, छापर के अधिशाषी अधिकारी भवानी शंकर व्यास, तालछरपर आर ओ उमेश बागोतिया मौजूद रहे। बैठक में एडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि ताल छापर अभयारण्य के चारों ओर 22.45 वर्ग किमी क्षेत्र इको संसेटिव जोन घोषित किया गया है। यह क्षेत्र चाड़वास, देवाणी, रामपुर, सुरवास ग्राम और छापर कस्बे में है। बैठक में बताया गया कि क्षेत्र में कॉमर्शियल माइनिंग प्रदुषण फैलाने वाले उद्योग स्थापित करने, बड़ी जल विधुत परियोजना करने, उत्पादन या प्रसंस्करण ठोस कचरा व बायो मेडिकल वेस्ट, भस्मीकरण, साइट स्थापित करने, पोल्ट्री फॉर्म खोलना, भट्टा, नई आरा मशीन मिल स्थापित आदि को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 कि.मी. के भीतर या ईको-संसेटिव जोन की सीमा तक पर्यावरण पर्यटन के लिए छोटे अस्थायी ढांचे को छोडकर कोई भी नया व्यावसायिक होटल या रिसोर्ट बनाने की अनुमति नहीं होगी। कोई नया व्यावसायिक निर्माण नहीं होगा। वन्यजीव अभयारण्य ताल छापर के ईको-संसेटिव जोन (पारिस्थितिकी) संवेदी क्षेत्र के संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका छापर व सहायक वन संरक्षक ताल छापर संयुक्त रूप से सूची बनाकर एडवाईजरी जारी करें।

## पीपुल यूनिटी संस्थान ने जरूरतमंदों को चरण पादुका वितरित की

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** पीपुल यूनिटी संस्थान चूरू की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए रामसरा रोड़ स्थित कच्ची बस्ती में मंगलवार को संस्था अध्यक्ष रघुनाथ खेमका के नेतृत्व में छोटे बच्चों को चरण पादुका (चप्पल) वितरित की गई। खेमका ने बताया कि जिन नन्हें-मुन्नें बच्चों व गरीब महिलाओं के पैरों मे पहनने के लिए चप्पल नहीं थी, उनको संस्था के सदस्यों द्वारा जूतें व चप्पलों का वितरण किया गया। संस्था सचिव इंजीनियर सुरेश शर्मा ने बताया कि संस्था समय-समय पर चिकित्सा, स्वास्थ्य, पर्यावरण के क्षेत्र सहित जरूरतमंदों की सहायता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर मोहन भालेरी वाला, हिदायत खान, दिलीप सिंधी, मुकेश शर्मा, महमूद मोयल, राजेंद्र, पूजा सोनी सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वाल्मिकी समाज की समस्याओं का समाधान करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वाल्मिकी समाज की कुछ महिलाओं ने उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार असलम खान को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ शहर का वाल्मीकि सफाई कर्मचारी वर्ग लंबे समय से अनेक समस्याओं से परेशान है। विशेष रूप से वाल्मीकि बस्ती स्थित गंदी तलाई में जलभराव की समस्या के कारण गरीब परिवार आयंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान हेतु पूर्व में कई बार निवेदन किया जा चुका है। पिछली बारिश में वाल्मीकि बस्ती के आस पास स्थित अनेक मकान काफी क्षतिग्रस्त हुए और मजबूरन स्वयं के मकानों को छोड़कर अन्य जगह जाना पड़ा। ज्ञापन में मांग की गई है कि तलाई के गंदे पानी की निकासी हेतु 12 इंच की बड़ी पाइपलाइन एवं 60 एचपी का पम्प लगवाया जावे। साथ ही सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों को जीपीएफ, पीएफ ग्रेच्युटी एवं अन्य बकाया भुगतान शीघ्र दिलवाए जाने, सफाई कर्मचारियों को 9, 18, 27 ग्रेड लाभ प्रदान किए जाने, सफाई कर्मचारियों को समय पर



वर्दी, सिलेंडर, तनख्वाह एवं आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध करवाई जाए। इसी प्रकार सफाई कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति प्रदान किए जाने, अस्थायी सफाई ठेकाकर्मी ट्रेक्टर ड्राईवर व लेबर की तनख्वाह 15000रू. व महिला अस्थायी सफाई कर्मी की तनख्वाह 12000रू. दिलवाए जाने, अस्थायी सफाई कर्मी को सरकारी नियमानुसार पीएफ राशि दिलवाए जाने की मांगे की गई हैं। ज्ञापन सौंपते वक्त चंदा देवी, रचना, संतोष, रीना, नितू, संजू, अंजू, राजू आदि मौजूद रहीं।

## बिजली-पानी व्यवस्था को लेकर भाजपा जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को कराया अवगत

### एसडीएम ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(नि.सं.)।** शहर में पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था को लेकर आमजन को हो रही परेशानियों के संबंध में मंगलवार को भाजपा के शहरी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न वार्डों में पेयजल संकट, ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज एवं अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते पानी की मांग बढ़ने के साथ-साथ विद्युत भार भी बढ़ रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन, जलदाय विभाग एवं विद्युत विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता बताई।इस दौरान उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने वार्डवार समस्याओं की जानकारी लेते हुए जलदाय विभाग के अधिकारी मनीष मील एवं विद्युत विभाग के अधिकारी अमित राणा को अपने कक्ष में बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को पेयजल एवं बिजली व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आवश्यक स्थानों पर वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।इसके बाद नगर पालिका



अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमावत के साथ बरसात से पूर्व नालों की सफाई, जलभराव रोकथाम, पेंच वर्क, नियमित सफाई व्यवस्था एवं अतिक्रमण मुक्ति अभियान को लेकर चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने कस्बे के सौंदर्यीकरण के तहत सेल्फी प्वाइंट निर्माण का प्रस्ताव भी रखा। इस पर अधिशाषी अधिकारी ने आवश्यक कार्य प्राथमिकता से करवाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष महावीर प्रसाद सैनी, हरिप्रसाद पुजारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश पाटोदा, पूर्व जिला मंत्री गोपाल लाटा, निवर्तमान पार्षद पवन वाल्मीकि, सज्जन सैनी, विष्णु खांडल, विनोद गढ़वाल, रामावतार चावला, राधेश्याम बारी, रवि पुजारी, छोटूराम बागोरिया, हर्षनाथ नाहरिया, द्वारका प्रसाद जांगिड़, पवन गोयनका, कमल व्यास, शशांक जोशी, सर्वोत्तम वेद, शंकर सैनी, पवन बहरीन, श्रवण सैनी, अजय जांगिड़, सुमित मेघवाल, अनूप खुड़ीवाला सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर सुराणा ने आकाशवाणी केंद्र से जनगणना 2027 को लेकर आमजन को किया जागरूक

### जनगणना के प्रथम चरण में उत्साहपूर्वक भाग लेने व प्रगणकों को सहयोग करने की अपील

जयपुर टाइम्स

**चूरू(नि.सं.)** प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित आकाशवाणी केंद्र में जनगणना 2027 को लेकर आमजन से जानकारी साझा की। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों से जनगणना के प्रथम चरण में सक्रिय एवं उत्साह पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले के प्रगणकों का पूरा सहयोग करें और सही व स्पष्ट जानकारी उपलब्ध करवाएं। जनगणना के दौरान एकत्रित की गई समस्त जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय एवं प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इसलिए नागरिक बिना किसी संकोच के सही जानकारी साझा करें। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना के दौरान जुटाई गई सभी जानकारी गोपनीय व सुरक्षित है। उन्होंने



जिलेवासियों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में सहयोग कर प्रशासन की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार सैनी ने साक्षात्कार के दौरान जनगणना 2027 से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार हलकिया, जय सिंह डूडी, गुलजारीलाल मीणा, जगदीश प्रसाद सुंडा, बाबूलाल मीणा, भंवरलाल मेघवाल, महेंद्र मील, बलबीर सिंह, सूर्य प्रकाश बाबल, कुंज बिहारी, अर्जुन व स्टाफ ने जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा का स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार सैनी ने जिला कलक्टर को आकाशवाणी केंद्र, चूरू से प्रसारित होने वाले विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## 23 लाख के नाले में भ्रष्टाचार की बू! निर्माण के चार दिन बाद ही टूटा, लोगों में रोष

### बीदासर में नगरपालिका के नाले निर्माण पर उठे सवाल, घटिया सामग्री उपयोग करने के आरोप

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(नि.सं.)** कस्बे के दुकर रोड क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा करवाए जा रहे बड़े नाले के निर्माण कार्य पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार हनुमान मल खाती के घर से नोखा-सीकर मार्ग बस स्टैंड तक 22.23 लाख रुपये की लागत से नाले का निर्माण कार्य सुजानगढ़ की श्रीराम कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा करवाया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ कि पीछे बना नाला टूटने लगा है। इससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। मोहल्ले के निवासी बनवारी नायक ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा नाले के दोनों तरफ प्लास्टर करने के बजाय केवल एक तरफ प्लास्टर कर खानापूर्ति की जा रही है। उनका कहना है कि इसी लापरवाही के कारण निर्माण के महज चार दिन बाद ही नाला टूट गया।




स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि नाले के बीचोंबीच बिजली का पोल खड़ा है, जिससे बरसात के समय नाले में पानी भरने पर पोल में करंट आने और जनहानि की आशंका बनी हुई है। मोहल्लेवासियों ने इस संबंध में नगरपालिका अधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब लाखों रुपये की लागत से बन रहे नाले बरसात से पहले ही टूटने लगें तो यह सीधे तौर पर सरकारी धन की बर्बादी है। लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करवाकर संबंधित ठेकेदार और निर्माण कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

***सुजानगढ़(नि.सं.)।*** *पीसीबी स्कूल के पास राह चलती महिला के गले से मंगलसूत्र तोड़कर ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक दिन पहले की सुमन देवी निवासी लोढसर के साथ ये घटना कारित हुई थी। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि मामले में पुलिस ने देवधर धवल उर्फ धोना पुत्र सुरेश कुमार, निवासी वाल्मिकी बस्ती, युवराज उर्फ कालू पुत्र मुकेश, निवासी वाल्मिकी बस्ती, 6 न. स्कूल के पास सुजानगढ को गिरफ्तार किया है।*

## भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण शुरू

जयपुर टाइम्स

**चूरू(नि.सं.)** स्थानीय जैन गेस्ट हाउस में भाजपा का पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण का शुभारम्भ सोमवार को जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, शिविर प्रभारी रघुनाथ नरेड़ी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. वासुदेव चावला, जिला महामंत्री पराक्रम राठौड़, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, जिला संगठन प्रभारी विजय आचार्य, लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, निवर्तमान जिला प्रमुख वन्दना आर्य, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, अभिषेक





चोटिया ओम सारस्वत, विधानसभा प्रत्याशी संतोष मेघवाल, सुमित्रा पूनियां थी। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से पार्टी की गतिविधियां सुचारू रूप से चलेगी। शिविर प्रभारी रघुनाथ नरेड़ी ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति व राष्ट्र-प्रेम के संकल्प को इस प्रशिक्षण से बल मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने राष्ट्रवाद, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा आर्थिक विषयों पर गांधीवादी दृष्टिकोण, सकारात्मक पंथनिरपेक्षता, मूल्य आधारित राजनीति विषय पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया ने किया। वहीं द्वितीय सत्र वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. वासुदेव चावला ने भाजपा एक राष्ट्रवादी विचारधारा, पार्टी के इतिहास व विकास पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी ने किया। वहीं तृतीय सत्र मण्डल अध्यक्ष अश्वनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता जिला संगठन प्रभारी विजय आचार्य ने प्रशिक्षण की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सिखा बैद ने किया। चतुर्थ सत्र में विचार परिवार विषय पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम सारस्वत ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संतोष मेघवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा ने किया। वहीं पांचवा सत्र में लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सत्र के मुख्य वक्ता बीकानेर के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश आचार्य ने कार्यकर्ता विकास गुण आचरण एवं अपेक्षाएं विषय पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने किया। वहीं छठा सत्र में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा की अध्यक्षता में सोशल मीडिया व मीडिया विषय पर प्रदेश प्रवक्ता चेतन राजपुरोहित ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को खिलाए शीतल तरबूज



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** भीषण गर्मी और झुलसाती लू के थपेड़ों से आम जन को राहत प्रदान के लिए हर वर्ष की भांति लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा शीतल पेय एवं फल वितरण के कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब सचिव लॉयन अशोक जाजू के संयोजन में किया गया। सरोज देवी बिहानी पुत्री रुक्मानंद जाजू, धर्म पत्नी विनोद बिहानी, हैदराबाद प्रवासी के आर्थिक सौजन्य से शीतल तरबूज एवं तरबूज का शरबत लगभग 2500 लोगों को घंटाघर चौक पर वितरण किया गया। साथ ही तीन जगहों पर शीतल जल की प्याऊ की भी व्यवस्था प्रारंभ की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक जाजू, देवकृष्ण मालपानी, सीए अभिषेक पोद्दार, मुरली राठी, एडवोकेट कैलाश खंडेलवाल, जोन चेयरपर्सन कमल तापड़िया, महेश सोमानी, राजेंद्र जाजू, महावीर शर्मा, यूसुफ पलदार, दुर्गाराम डूकिया, ओमप्रकाश प्रजापत, पवन पारीक आदि ने सहयोग किया। कमल तापड़िया ने बताया कि लोग इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता के लिए स्वेच्छा से आगे आ रहे है और नौतपा में अधिक से अधिक लोगों को राहत मिले, इसके लिए तन मन और धन से अपना योगदान देने के इच्छुक हैं।

## श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय स्टेशन रोड़ स्थित श्री अग्रसेन भवन में श्री अग्रवाल महिला सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी मीरा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं बबीता मंगलूनिया की अध्यक्षता में सर्व सम्मति से सम्पन्न हुए। जिसमें नवीन सत्र के लिए अध्यक्ष बबीता मंगलूनिया, मंत्री सुमन मिरनका, कोषाध्यक्ष अनु तोदी, उपाध्यक्ष सुमन जाजोदिया, सहअध्यक्ष संजना जालान, उपमंत्री राखी तोदी, सहमंत्री राधिका खेतान, सहकोषाध्यक्ष स्नेहलता क्याल, सांस्कृतिक मंत्री नीलिमा मंगलूनिया, खेल मंत्री पूजा अग्रवाल, प्रेस सचिव मोनिका शोभासरिया, मीडिया प्रभारी दीपा तोदी, संरक्षक मीरा गुप्ता, किरण कंदोई व रितु गाड़ोदिया को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रियंका गोयनका, रेनू तोदी, उषा मोदी, पायल सर्राफ, निशा खेतान, निशा खेतान, वीणा खेतान, पूजा क्याल, हेमलता अग्रवाल, प्रियंका खेतान, सपना बेड़िया, सुमन खेतान, मानसून पंसारी, अंजू जालान, दीपिका मोर, उर्मिला अग्रवाल, ममता अग्रवाल, माया मित्तल, विजयलक्ष्मी बगड़िया, अंशु मोर को चुना गया। सभी सदस्यों ने मुंह मीठा करवाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

## महिला अधिकारिता विभाग में रेखा जांगिड की गोद भराई रस्म आयोजित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)** झुंझुनू महिला अधिकारिता विभाग में मंगलवार को विभाग में कार्यरत रेखा जांगिड की गोद भराई रस्म का आयोजन पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेखा जांगिड को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्योला, आईसीडीएस के उप निदेशक विजेंद्र राठौड़, सुपरवाइजर पूजा, सुनीता , सरिता दनेवा , अल्का पूनिया, मोनिका, रतना, उषा कुलहरी, गोविंद, मनोज स्वामी, राहुल, सुनीता सहित रेखा जांगिड के पति सूचना सहायक अविनाश जांगिड़ एवं परिवारजन उपस्थित रहे। उप निदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि गोद भराई भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जिसके माध्यम से गर्भवती महिला की देखभाल, खानपान एवं प्रसव पूर्व तैयारियों के प्रति परिवार को जागरूक किया जाता है। वहीं आईसीडीएस के उप निदेशक विजेंद्र राठौड़ ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर माह में एक बार गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान सभी ने रेखा जांगिड के स्वस्थ एवं सुखद मातृत्व जीवन की कामना की करते हुवे पौधा भी भेंट किया।

## पूर्व सीएम पहाड़िया को किया याद



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(नि.सं.)** सिरियासर कलां मे मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़ियां को श्रध्दा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की स्वर्गीय श्री पहाड़ियां राजस्थान के प्रथम दलित मुख्यमंत्री रहें व दो बार हरियाणा व बिहार के राज्यपाल रहें आपकी उपलब्धि पर बोलता हूए कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष समसाद खान सिरियासर कलां ने अपनी विचार रखें , इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष सुनील फोजी , नवयुवक मंडल पूर्व अध्यक्ष शमशेर अली, कमलेश गर्वा, राहुल मीणा सहित काफिले संख्याओं मे युवा व बच्चे मौजूद रहे ।

# मोदी सरकार ने महंगाई को काफी हद तक कंट्रोल किया- कैलाश चौधरी

### युवा सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश सोनी की अगुवाई में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी और महंगाई को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। झुंझुनूं दौरे पर पहुंचे चौधरी ने कहा कि तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तय होती हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन कीमतों को काफी हद तक नियंत्रित किया हुआ है। ताकि देश की जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर लगातार नजर बनाए हुए है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रहित में ईंधन की बचत करने का आह्वान किया। भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में हिस्सा लेने झुंझुनूं पहुंचे कैलाश चौधरी का हवाई पट्टी के पास युवा सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश सोनी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और कैलाश चौधरी के समर्थक मौजूद रहे। चौधरी के स्वागत में फूलों की बारिश की गई और जमकर नारेबाजी हुई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें हल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद वे पूरे राजस्थान का दौरा कर रहे हैं और हर जिले में जाकर किसानों से सीधे संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार किसानों को उन्नत और विकसित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों की छोटी से छोटी समस्या का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य से सरकार योजनाओं को जमीन तक पहुंचा रही है। कार्यक्रम में राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, भाजपा नेता विनोद पूनियां, प्रसिद्ध ज्वैलरी व्यवसायी विजय सोनी चिड़ावा, विकास भालोठिया, विकास पायल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी से तप रहा क्षेत्र, पारा 45 डिग्री के पास पहुंचा, मौसम विज्ञान केंद्र ने जारी किया हीटवेव का अलर्ट

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी का भयंकर प्रकोप देखने को मिल रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण रेतीले धोरे बुरी तरह तपने लगे हैं और सड़कों पर डामर पिघलने जैसी स्थिति बन गई है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच जाने से आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है। क्षेत्र में हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार दिन के साथ-साथ अब रात के तापमान में भी भारी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लोगों को चौबीसों घंटे गर्मी से कोई राहत नहीं मिल रही है। इस चिलचिलाती धूप और लू से बचने के लिए लोग बड़े पैमाने पर छाछ, राबड़ी और अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। दोपहर के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही नाममात्र की रह गई है और लोग केवल बेहद जरूरी काम होने पर ही अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। हालात को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने भी आम जनता के लिए स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने लोगों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है, ताकि हीटवेव से होने वाली बीमारियों और डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। एडवाइजरी में नागरिकों से अपील की गई है कि वे दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच बिना वजह घरों से बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना बहुत जरूरी हो, तो अपने सिर को अच्छी तरह ढककर रखें, हल्के और सूती कपड़े पहनें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। इसके लिए अधिक से अधिक पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस के घोल का सेवन करने की हिदायत दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी इस भीषण गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय तहसील कार्यालय में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनगणना कार्य में उत्कृष्ट और अनुकरणीय योगदान देने वाले अधिकारियों व प्रगणकों को सम्मानित किया गया। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा और तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी गिरधारी लाल पारीक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान बताया गया कि सुपरवाइजर धर्म सिंह मीणा ने जनगणना के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के तहत अपने आवंटित एचएलबी क्षेत्र के परिवारों को स्व-जनगणना के प्रति न केवल जागरूक किया, बल्कि उन्हें प्रेरित कर समय सीमा से पूर्व ही शत-प्रतिशत स्व-जनगणना का कार्य पूरा करवाया। उनकी इस निष्ठा और कर्मठता को सभी अधिकारियों ने सराहा। बेहतर तालमेल और त्वरित कार्य के लिए प्रशासन द्वारा अग्रिम स्थान प्राप्त करने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजर को नकद राशि व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर धर्म सिंह मीणा को 5,100 का नकद पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र, प्रथम स्थान प्रगणक दयाराम 3100 का नकद इनाम, द्वितीय स्थान प्रगणक संदीप 2100 का नकद इनाम, तृतीय स्थान प्रगणक लालचंद मेघवाल 1100 का नकद इनाम दिया गया। कार्यक्रम में घनश्याम खिलेरी, विकास कुमार, लिखमाराम मेघवाल, मोहित कुमार सैनी, रूघाराम, सांवरमल प्रजापत, समय सिंह मीणा, विश्राम मीणा, मुकेश पांडर, सहित कुल 39 प्रगणकों को भी उनके सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## राजलदेसर में ढाणी में लगी भीषण आग, पांच मवेशियों की जलकर मौत, महिला झुलसी

### भावादेसर रोड पर अचानक हुआ हादसा, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, पुलिस मामले की जांच में जुटी



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(नि.सं.)** कस्बे के भावादेसर रोड पर स्थित एक खेत में बनी ढाणी में अचानक भीषण आग लग जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक घटना में छह मवेशी बुरी तरह झुलस गए, जिनमें से पांच की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आग बुझाने के प्रयास में एक महिला भी घायल हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही राजलदेसर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। मामले की सूचना पर पहुंचे एएसआई रोशनलाल ने बताया कि उन्हें दूरभाष के जरिए सूचना मिली थी कि भावादेसर रोड पर लिछूराम पुत्र पोखर राम नायक की ढाणी में अचानक आग भड़क गई है। आग की लपटें मवेशियों के लिए बनाए गए छान (छप्पर) तक फैल गईं, जिससे वहां बंधे मवेशी इसकी चपेट में आ गए।इस हादसे में पांच मवेशियों की मौके पर ही तड़प-तड़प कर जान चली गई, जिन्हें बाद में राजलदेसर के राजकीय पशु चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ उनका पोस्टमार्टम करवाया गया। वहीं, आग में झुलसी एक अन्य घायल मवेशी का पशु चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।आग बुझाने और मवेशियों को बचाने की कोशिश में ढाणी निवासी एक महिला के पैर भी झुलस गए। महिला को तुरंत एम्बुलेंस की सहायता से राजलदेसर के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। इस हृदयविदारक हादसे के संबंध में समाचार लिखे जाने तक राजलदेसर पुलिस थाने में पीड़ित परिवार की ओर से कोई भी लिखित रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 17 वें दिन भी धरना रहा जारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के सामने चल रहा धरना लगातार 17 वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में लोगों ने गांधी चौक पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। धरने पर बिलाल भूरान, समीत पंडित, अंकित सियोता, ईकबाल खां कायमखानी, तरूण सियोता, इरफान खान, दीपचंद टाक, राकेश, बबलू तेजी, शंकरलाल, कन्हैयालाल सोनी, ललित लाखन, अजीज, मनोज, शशिकान्त सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में कल बंद रहेंगी रतनगढ़ की दवा विक्रेताओं की दुकानें, सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(नि.सं.)।** इंटरनेट के माध्यम से हो रही अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और बिना वैध पर्ची के घर-घर दवा वितरण के विरोध में 20 मई को रतनगढ़ सहित जिले भर की सभी दवा दुकाने एक दिन के लिए बंद रहेगी ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स तथा राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित इस देशव्यापी आंदोलन के तहत स्थानीय दवा विक्रेताओं ने मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी मिथिलेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग की है। दवा विक्रेताओं का कहना है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के बावजूद कई कंपनियां लंबे समय से अवैध रूप से कारोबार कर रही हैं। फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन और बिना डॉक्टरी परामर्श के घर-घर दवाइयां पहुंचाने तथा अत्यधिक छूट देने जैसी गतिविधियों से मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इसके अलावा कोविड महामारी के समय आपातकालीन परिस्थितियों के लिए दी गई रियायतों का वर्तमान सामान्य दिनों में विभिन्न क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कोरोना काल जैसी आपदा में भी छोटे केमिस्टों ने अपनी जान जोखिम में डालकर देश में निर्बाध दवा आपूर्ति सुनिश्चित की थी, लेकिन आज ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की अनियंत्रित नीतियों के कारण लाखों लाइसेंसधारी छोटे दवा व्यापारियों के अस्तित्व पर संकट आ गया है। इस संबंध में केंद्र सरकार और संबंधित प्राधिकरणों को कई बार प्रमाण सहित अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। दवा विक्रेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि ऑनलाइन दवा बिक्री तथा इसकी होम डिलीवरी पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई जा रही अत्यधिक छूट नीति पर तुरंत रोक लगाई जाए। दवा व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जनस्वास्थ्य और छोटे व्यापारियों के हितों की सुरक्षा के लिए जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## श्रमिकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की दी जानकारी, गर्मी से बचाव व सावधानियों दी जानकारी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशन में सीवरेज परियोजना में कार्यरत श्रमिकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कैंप आरयूआईडीपी के बाबू लाल ने कहा कि श्रमिक साथी राष्ट्रहित के विकास कार्यों में कार्य करते है जो एक राष्ट्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे। साथ ही बताया सभी श्रमिक साथी स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखे तथा अपने आस पास साफ सफाई का पुरा ध्यान रखें, साफ पानी का उपयोग करे, नित्य स्नान करे आदि अच्छी आदते अपनाकर निरोग बने। अभी गर्मी का समय है सिर को गमछा, टोपी आदि से ढककर रखें, बार-बार पानी पीते रहे, दिन में ओआरएस, नींबू पानी का उपयोग करें, ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहने तथा भूखे पेट कार्यस्थल पर कार्य न करें तथा अगर आपको चक्कर आए, उल्टी हो, पसीना बंद हो तो आप छाया में लेट जाएं और नजदीकी डॉक्टर से परामर्श लेकर अपने स्वास्थ्य का पुरा ध्यान रखकर कार्य करें।

**कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.**
Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :/न.पा.ता./2026–27/454–458 दिनांक :–12.05.2026

**निविदा सूचना संख्या 2026–27/01**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगर पालिका क्षैत्र में नगर पालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य की निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगर पालिका तारानगर द्वारा नगर पालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिनांक 29.05.2026 को निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|
| DLB2627A1805 | DLB2627SSOB04785 |

राज.संवाद/सी/26/3075

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल साहवा (चुरू)**

क्रमांक : /न.पा.सा./2026–27/81–85 दिनाक :–12.05.2026

**ई–निविदा सूचना 01/2026–27**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि साहवा नगरपालिका क्षैत्र में नगरपालिका साहवा द्वारा स्वीकृत कार्य ऑनलाईन निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका साहवा द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिंनाक 12.05.2026 से दिंनाक 25.05.2026 को निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|
| DLB2627A1669 | DLB2627WSOB04369 |

राज.संवाद/सी/26/3076

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका साहवा (चूरू)

**कार्यालय नगरपरिषद् चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक : न.प./चूरू/स्टोर शाखा/2026–27/22169216 दिनांक : 12.05.2026

**निविदा सूचना 15 वर्ष 2026–27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, चूरू द्वारा 01 कार्य हेतु उपयुक्त सद्व्यवहार संस्थाओं/अधिकृत डीलर से मोहरबन्द निविदा आईडी नम्बर DLB2627A1784 आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है। UBN NO. DLB2627GSOB04704

राज.संवाद/सी/26/3113 आयुक्त, नगरपरिषद् चूरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक डी-171-180 दिनांक 14/05/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्याः 05/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण एवं कम्प्यूटर जॉब कार्य कुल 04 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन अल्पकालीन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू.ए.- 100 की शर्त लागू होगी । अल्पकालीन ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr. rajasthan. gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp. raj. nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD262740542 के UBN No. निम्नप्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2627WSOB02455 | 2. | PWD2627WSOB02456 |
| 3. | PWD2627WSOB02457 | 4. | PWD2627WSOB02458 |

DIPR/C/8690/2026

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा. नि. वि. खण्ड-तारानगर

**कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, चूरू (राजस्थान)**

प. लेखा/स्टोर/ 2026 / दिनांक

जिला कलक्टर कार्यालय चूरू द्वारा ए.सी., कुलर, आर.ओ. एवं वाटर कुलर मरम्मत रख रखाव/सर्विस हेतु बोली सूचना संख्या-2/2026-27 दिनांक 14/05/2. (राशि रू. 4 लाख /- ) आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. CCH2627550B00003

DIPR/C/8691/2026

अति. जिला कलक्टर
चूरू

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
20 मई, 2026

## बाजीसर में पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा (निसं)** । गांव बाजीसर में मंगलवार को सीगडा रोड पर पक्षियों के लिए दस परिंडे लगायें, इस दौरान समाजसेवी अमित मीणा, बनवारीलाल निर्मल (वरिष्ठ अध्यापक), नरेंद्र कुमार, बाबूलाल निर्मल ,विक्की निर्मल ,मनदीप निर्मल ,अभिषेक नायक, रोहित नायक, शक्ति नायक, विक्रम नायक,अरुण नायक, हर्षित बुडानिया बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे समाजसेवी अमित मीणा ने बताया कि लगातार युवा टीम पशु पक्षियों के लिए जगह जगह पानी की व्यवस्था कर रही है यह कार्य युवाओं के लिए सराहनीय है। प्रत्येक व्यक्ति को परिंडे लगाने चाहिए।

## पूर्व विधायक ठाकुर इन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर आश्रम में भोजन प्रसादी




जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन (निसं)।** पूर्व विधायक स्वर्गीय ठाकुर इन्द्र सिंह पौत्र, उदयपुरवाटी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को ज्ञानचंद मोदी के अपना घर आश्रम, नीमकाथाना में सेवा एवं श्रद्धा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायल्टी पाटन निवासी मानवेन्द्र सिंह ने अपने दादाजी की स्मृति में आश्रम में रह रहे प्रभुजनों के लिए पूरे दिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था करवाई। कार्यक्रम के दौरान प्रभुजनों को श्रद्धाभाव के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई। आश्रम परिसर में सेवा, समर्पण एवं मानवता का भाव देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय ठाकुर इन्द्र सिंह के जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आश्रम परिवार की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही आयोजन में सहयोग करने वाले सेवाभावी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

## इवेंटमैनेजमेंट से लकवा ग्रस्त सरकार, प्रदेश में आर्थिक और प्रशासनिक ढांचा ध्वस्तः गोविंद सिंह डोटासरा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर (निसं)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भजनलाल सरकार केवल इवेंट मैनेजमेंट और नौटंकी के सहारे चल रही है। मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री पेट्रोल और डीजल बचाने को लेकर सिर्फ दिखावा और नौटंकी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक दिन तो बस में बैठकर अपने कार्यकर्ताओं को लेकर दौरे पर निकले लेकिन दूसरे दिन उनका वही पुराना रवैया नजर आया उन्होंने कहा की सरकार के मंत्री कोई ट्रेन में बैठकर वीडियो बना रहा है तो कोई साइकिल पर बैठने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करके सिर्फ पेट्रोल और डीजल बचाने के नाम पर नौटंकी कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भारत में मुश्किल से सप्ताह भर का पेट्रोल और डीजल का स्टॉक बचा हुआ है जबकि दुनिया के अन्य देशों ने पेट्रोल और डीजल का अच्छा स्टॉक जमा किया हुआ है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री ने इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाया। डोटासरा ने कहा कि पहले रूस से पेट्रोल और डीजल मिल रहा था लेकिन अमेरिका ने टैरिफ और अन्य कई तरह के दबाव बनाकर भारत सरकार को अपने प्रभाव में ले लिया और रूस से हम पहले की तरह पेट्रोल और डीजल नहीं ले पा रहे हैं जिसकी वजह से देश के हालात बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं। एक तरफ उद्योग धंधे बंद हो गए हैं तो दूसरी तरफ आर्थिक मंदी छा गई है और आने वाले 10-15 दिन में लॉकडाउन जैसे हालात बन रहे हैं क्योंकि डॉलर की तुलना में रुपया लगातार कमजोर होता जा रहा है। डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी ने यह पहले ही कह दिया था कि पश्चिम बंगाल के चुनाव के बाद महंगाई का जबरदस्त दौर शुरू होने वाला है, राहुल गांधी की यह भविष्यवाणी बिल्कुल सच साबित हो रही है उन्होंने कहा कि पेट्रोल की कीमतें लगभग 110 तक पहुँच गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईंधन की सख्त राशनिंग की जा रही है, जहाँ आम नागरिकों को केवल 1000 से 1500 का ईंधन मिल रहा है और उद्योगों के लिये यह सीमा एक लाख है। देश में केवल 9 से 10 दिन का ईंधन भण्डार बचा है। उन्होंने आगाह किया कि यदि यही हालात रहे तो अगले 10 से 15 दिनों में लॉकडाउन जैसी स्थिति उत्पन्न हो जायेगी, जिससे उद्योग और वाहनों का संचालन ठप्प हो जायेगा।

## हीट वेव के मद्देनजर अनावश्यक धूप में ना निकलें, बरतें आवश्यक सावधानी - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं)।** बढ़ते तापमान व भीषण गर्मी के मद्देनजर जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने आमजन से बचाव रखने की अपील की है। विशेषकर बच्चों, बूढ़ों, गर्भवतियों तथा बीमार व्यक्तियों द्वारा एहतियात बरतने पर जोर दिया गया है। जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी अस्पतालों में लू-तापघात के रोगियों के लिए गाइडलाइन अनुसार बैड आरक्षित रखते हुए वहां कूलर व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओरआरएस, ड्रिपसेट, फ्लूड एवं आवश्यक दवाईयां रखने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने आमजन के लिए जारी अपील में कहा है कि जहां तक संभव हो धूप में न निकलें। निकलें तो शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। लू तापघात से प्रायः कुपोषित बच्चे, बीमार, वृद्ध, गर्भवती महिलाऐं और श्रमिक आदि शीघ्र प्रभावित हो सकते हैं। इन्हे प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजें तक तेज गर्मी से बचाने के लिए छायादार ठंडे स्थान पर रहने का प्रयास करें। लू के लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत प्राथमिक उपचार करते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों से बचें, रेल बस आदि की यात्रा अत्यावश्यक होने पर ही करें।

# भाजपा नेता बोले-ममता सिर्फ मुखौटा थीं, सरकार रोहिंग्या चलाते थे: कैलाश चौधरी ने कहा- अब भाजपा का अगला टारगेट 'साउथ' है

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं (निसं)**भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मंत्री कैलाश चौधरी मंगलवार को झुंझुनूं पहुंचे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदर्शन पर कहा कि पूरा देश इस जीत का इंतजार कर रहा था। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वहां के कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत है।

उन्होंने कहा- इस बार बंगाल बच गया। अगर वहां सरकार परिवर्तन की दिशा में नहीं बढ़ती, तो बंगाल जिस तरह के वातावरण में था, वह बांग्लादेश में चला जाता। वहां रोहिंग्या और बांग्लादेशी सरकार चला रहे थे, ममता बनर्जी तो सिर्फ एक चेहरा और मुखौटा थीं।

पीछे से एक सिंडिकेट और गुंडाराज का शासन चल रहा था। उन्होंने कहा कि अब उस कुशासन का अंत हुआ है और वहां 'डबल इंजन' की सरकार के साथ शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में विकास का नया दौर शुरू होगा।



पूरे देश में अब भाजपा की सरकारें स्थापित हो चुकी हैं और हमारा अगला टारगेट 'साउथ' (दक्षिण भारत) है, जहां आने वाले समय में कमल खिलेगा।

60 हजार करोड़ सीधे किसानों के खातों मेंकैलाश चौधरी ने बजट के आंकड़ों का हवाला देते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने देश के कृषि बजट में हुई ऐतिहासिक बढ़ोतरी को बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले जब देश में यूपीए की सरकार थी, तब देश का कुल कृषि बजट मात्र 22 से 23 हजार करोड़ रुपए हुआ करता था। आज प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश का कृषि बजट बढ़कर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए हो चुका है।

इस बजट में से भी लगभग 60 हजार करोड़ रुपए 'किसान सम्मान निधि' के रूप में सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए जा रहे हैं, जो यह स्पष्ट करता है कि मोदी सरकार किसानों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा पूरे राजस्थान के अंदर पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक ले जाएगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए किसान का आत्मनिर्भर होना जरूरी है। फसलों के वैल्यू एडिशन की ओर से बढ़ाएं कदम उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है, जब किसान फसलों के वैल्यू एडिशन (मूल्य संवर्धन) पर ध्यान दें, खुद का FPO (किसान उत्पादक संगठन) बनाकर काम करें, अपनी प्रोसेसिंग यूनिट लगाएं और हॉर्टिकल्चर (बागवानी) की तरफ कदम बढ़ाएं। इसके साथ ही उन्होंने नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रवास के दौरान वे रात्रि में 'किसान चौपाल' का आयोजन भी कर रहे हैं, जिससे जमीनी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

इस मौके पर पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में ये रहे मौजूद बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रतन सिंह तंवर ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व रतनगढ़ के पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तांडी, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष और ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, पूर्व जिला अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, प्यारेलाल ढूकिया, महेश बसावतिया, ममता शर्मा,किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रतन सिंह नेहरा और प्रदीप सुंडा मौजूद रहे। इसके अलावा जिला मंत्री राजेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनआधार से परिवार के सदस्य बेच सकेंगे MSP पर फसलः मेंबर आईडी से होगा अलग-अलग रजिस्ट्रेशन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं)** । न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचने वाले किसानों के लिए राजस्थान सहकारी विपणन संघ (राजफैड) ने एक बड़ी राहत दी है। राजफैड ने फसल पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) के पुराने नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब एक ही जनआधार कार्ड वाले परिवार के अलग-अलग सदस्य भी अपनी-अपनी फसल को एमएसपी पर बेचने के लिए अलग से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। इस फैसले से उन किसान परिवारों को सबसे ज्यादा फायदा होगा, जहां जमीन तो परिवार के कई सदस्यों के नाम पर अलग-अलग है, लेकिन उन सबका जनआधार कार्ड एक ही बना हुआ है।

**क्या था पुराना नियम और क्यों आ रही थी दिक्कत**

अब तक लागू व्यवस्था के मुताबिक, एक जनआधार कार्ड पर केवल एक ही किसान का रजिस्ट्रेशन करने की अनुमति थी।

नियम यह था कि जनआधार कार्ड में दर्ज मुखिया या किसी एक सदस्य के नाम पर ही फसल बेची जा सकती थी, बशर्ते जमीन उसके नाम पर दर्ज हो।

इस पुरानी व्यवस्था के कारण गांवों में किसानों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

यदि एक ही परिवार में दो या तीन भाइयों के नाम अलग-अलग जमाबंदी (जमीन के कागज) हैं, लेकिन उनका जनआधार कार्ड संयुक्त (एक ही) है, तो केवल एक ही भाई अपनी फसल एमएसपी पर बेच पाता था। बाकि भाइयों को अपनी फसल कम दामों पर खुले बाजार या व्यापारियों को बेचनी पड़ती थी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था।




**नए संशोधन से कैसे मिलेगी राहत**

राजफैड द्वारा किए गए नए संशोधन के बाद अब इस तकनीकी दिक्कत को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। नए नियमों के तहत अब रजिस्ट्रेशन के लिए पूरे जनआधार कार्ड की जगह 'जनआधार मेंबर आईडी' के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी गई है। इसका मतलब यह है कि अब एक ही परिवार के जितने भी सदस्यों के नाम पर अलग से कृषि भूमि (जमाबंदी) दर्ज है, वे अपनी व्यक्तिगत मेंबर आईडी का उपयोग करके अपना अलग-अलग पंजीकरण करवा सकेंगे। इससे परिवार के सभी हकदार किसानों को अपनी उपज सरकारी कांटे पर सही दाम पर बेचने का पूरा मौका मिलेगा।

**किसे मिलेगा फायदा**

उन सभी किसानों को, जिनके पास अपनी अलग जमीन (जमाबंदी) है, भले ही उनका जनआधार कार्ड परिवार के साथ एक ही हो। अब रजिस्ट्रेशन मुख्य जनआधार नंबर से न होकर, उसमें दर्ज सदस्य की 'मेंबर आईडी' से होगा। अब परिवार का कोई भी सदस्य एमएसपी पर फसल बेचने के लाभ से वंचित नहीं रहेगा और बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी।

## पसीनियर सिटीजन को सोमनाथ द्वारका के दर्शन करवाने के लिए 5 जून को जयपुर से ट्रेन होगी रवाना - जोराराम कुमावत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने पत्रकारों को बातचीत के दौरान बताएं कि सोमनाथ महापर्व अभियान के तहत राजस्थान सरकार भी सीनियर सिटीजंस को सोमनाथ द्वारका इत्यादि मंदिरों के दर्शन करवा रही है इसके लिए आगामी 5 जून को जयपुर के दुर्गापुर स्टेशन से एक विशेष ट्रेन को सोमनाथ द्वारका के लिए रवाना किया जाएगा इस ट्रेन में 1000 सीनियर सिटीजंस सवार होंगे जिन्हें सोमनाथ द्वारका और आसपास के अन्य प्रमुख मंदिरों के दर्शन करवाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है कुमावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सभी मंदिरों के विकास कार्यों को लेकर सतत रूप से गति देने का प्रयास कर रहे हैं इसी क्रम में हमारी सरकार ने भी पिछले सवा दो साल में प्रदेश के कई प्रमुख मंदिरों में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य करवाए हैं और लगातार मंदिरों के संरक्षण, संवर्धन और मरम्मत के कार्यों के अलावा मंदिरों को पर्यटन के क्षेत्र से भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ताकि प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को भी गतिमिले बातचीत के दौरान कुमावत ने बताया कि देश के प्रमुख सोमनाथ मंदिर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए गए हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मंदिर को लेकर शुरू से ही काफी गंभीर और सजग रहे हैं और मंदिर के विकास के कार्य को लगातार गति दे रहे हैं सोमनाथ मंदिर अब एक नए अंदाज और कलेवर में नजर आने लगा है इस मंदिर के प्रति देश और दुनिया भर के लोगों की गहरी आस्था है इसलिए राजस्थान सरकार भी प्रदेश के सीनियर सिटीजंस को सोमनाथ मंदिर के दर्शन करवाने जा रही है इसके लिए आगामी 5 जून से



जयपुर के दुर्गापुर स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी जिसमें 1000 सीनियर सिटीजंस सवार होंगे ट्रेन की वापसी 10 जून को होगी जानकार लोगों का कहना है कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछले सवा दो साल में प्रदेश में कई मंदिरों के लिए करोड़ों रुपए का बजट आवंटित किया है कई मंदिरों में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य जारी हैं जिसमें सीकर के खाटू श्याम जी मंदिर में भी व्यापक पैमाने पर विकास कार्य करवाइए जा रहे हैं इसके अलावा भरतपुर जिले में भी कई मंदिरों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं मंदिरों, गौशालाओं के संवर्धन और विकास के लिए प्रदेश सरकार गंभीरता से काम कर रही है इसके अलावा पिछले सवा दो साल में प्रदेश के भजन लाल सरकार ने प्रदेश के सीनियर सिटीजंस को अलग-अलग समय में अलग-अलग जगह पर देश के प्रमुख तीर्थ स्थान और मंदिरों के दर्शन भी करवाए हैं ।

## हमारी प्राथमिकता संविधान होना चाहिए, हमें मंथन करना होगा कि हम जनता की उम्मीदों के साथ न्याय कर पा रहे हैं या नहीं : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं)।** राजस्थान विधानसभा के 75वें वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित अमृत महोत्सव उद्घोष कार्यक्रम में बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, संविधान की सर्वोच्चता और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के कल्याण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के रूप में हमारी सबसे पहली प्राथमिकता हमारा संविधान होना चाहिए। हमें आत्मचिंतन करना होगा कि क्या नीतियां, नियम और बजट का बंटवारा संविधान की मूल भावना के अनुरूप हो रहा है या नहीं। टीकाराम जूली ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संघर्षों और दूरदर्शिता को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने एक वंचित वर्ग से निकलकर जीवन के जमीनी संघर्षों और भेदभाव को गहराई से देखा था। उन्होंने उन तमाम अनुभवों को संविधान में शामिल कर देश को एक ऐसी व्यवस्था दी, जो सबको समानता का अधिकार देती है। नेता प्रतिपक्ष ने इस बात पर चिंता भी व्यक्त की कि आजादी और संविधान निर्माण के 75 वर्षों के बाद भी समाज में कई वर्ग ऐसे हैं जो आज भी पिछड़ेपन का शिकार हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी को सभी वर्गों के कल्याण के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही पर बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज हर जनप्रतिनिधि को स्वयं से यह सवाल पूछना होगा कि क्या हम जनता की उम्मीदों पर खरे उतर पा रहे हैं? जनता हमें जिस विश्वास के साथ सदन में भेजती है, क्या हम उसके साथ न्याय कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि राज्य के पास जो भी संसाधन उपलब्ध हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर न्यायोचित वितरण करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सदन में आने का अवसर बड़ी मुश्किल से मिलता है, इसलिए समय और संसाधनों का सदुपयोग जनता के हित में ही होना चाहिए। राजस्थान विधानसभा की विशिष्ट कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए जूली ने कहा कि देश की चुनिंदा विधानसभाओं में हमारी विधानसभा का नाम आदर से लिया जाता है, जहाँ सदन को पर्याप्त समय दिया जाता है। पड़ोसी राज्य हरियाणा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जहाँ कुछ राज्यों में विधानसभा केवल चार-पांच दिन ही चलती है, वहीं राजस्थान विधानसभा हमेशा जनता के मुद्दों पर गंभीर बहस और लोकतंत्र को मजबूत करने का मंच रही है। उन्होंने इसके ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि आजादी से पहले, वर्ष 1945 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में जयपुर में देसी रियासतों का जो विशाल सम्मेलन हुआ था उसने राजस्थान में लोकतंत्र की जड़ों को सींचने और चेतना जगाने का ऐतिहासिक काम किया था।

## विधानसभा में जिस सच को लगातार उठाता रहा,उस पर सीएजी की रिपोर्ट ने मुहर लगा दी - टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं)** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने राजस्थान सरकार की ओर से पूंजीगत खर्च कम किए जाने पर भजनलाल सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि राजस्थान विधानसभा के सत्र में उन्होंने कई बार सरकार की ओर से पूंजीगत खर्च में कंजूसी करने पर सवाल खड़े किए थे और कहा था कि राजस्थान सरकार का पूंजीगत खर्च में प्रदर्शन बिल्कुल खराब है जिसकी वजह से प्रदेश का विकास बुरी तरह से अवरुद्ध हो रहा है और कई तरह की यहां गंभीर समस्याएं खड़ी हो रही है लेकिन उनकी बात को भजनलाल सरकार ने गंभीरता से नहीं किया अब जो सीएजी की रिपोर्ट आई है उस रिपोर्ट ने उनकी ओर से विधानसभा में उठाए गए मुद्दे पर मोहर लगा दी है टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा कांग्रेस के 5 वर्षों के शासन से अपने मात्र 2 वर्षों की तुलना का जो झूठा माहौल बनाया जा रहा था, वह आज पूरी तरह उजागर हो गया है। भाजपा सरकार की सच्चाई यह है कि राजस्थान विकास में नहीं, कर्ज में आगे है। सीएजी के ताज़ा आंकड़े भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन की पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीगत खर्च के मामले में राजस्थान देश के सबसे पिछड़े राज्यों में शामिल हो गया है। सरकार विकास बजट का सिर्फ 51.82 प्रतिशत ही खर्च कर पाई। जब प्रदेश में अस्पताल, स्कूल और सड़कें बनेंगी ही नहीं, तो युवाओं को रोजगार कहाँ से मिलेगा? यहाँ विकास ठप है, लेकिन कर्ज लेने में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए गए हैं। बजट अनुमान से 65 प्रतिशत अधिक, यानी 71,261 करोड़ रुपए का भारी-भरकम कर्ज लिया गया। यह प्रदेश के भविष्य के लिए बेहद चिंताजनक है।जहाँ कांग्रेस शासित तेलंगाना और कर्नाटक विकास खर्च में देश में नंबर-1 हैं, वहीं राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेल दिया है। मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए कि ऐसी स्थिति क्यों बनती जा रही है ?

# झुंझुनूं में गांधी चौक पर ट्रैफिक जाम से मिलेगा छुटकाराः रेहड़ी-ठेला संचालकों को शिफ्ट किया; पार्किंग सुविधा मिलेगी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं)** शहर के सबसे व्यस्त गांधी चौक में लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल गई है। जिला प्रशासन और पुलिस के कड़े रुख के बाद गांधी चौक से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई गई है। पुलिस और नगर परिषद की टीमों ने गांधी चौक पर अवैध और अस्थाई रूप से बने टैक्सी स्टैंड और रेहड़ी-ठेला संचालकों को वहां से हटाकर दूसरी तय जगहों पर शिफ्ट कर दिया। ट्रैफिक इंचार्ज राधेश्याम सांखला ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और बाजार में आने वाले लोगों के लिए बेहतर पार्किंग सुविधा तैयार करना है।



**व्यापारियों की लंबे समय से थी मांग**

गांधी चौक और नेहरू मार्केट के व्यापारियों की यह बेहद पुरानी मांग थी कि बाहर से और पूरे जिले भर से आने वाले आमजन के लिए बाजार में गाड़ी खड़ी करने की कोई जगह (पॉर्किंग सुविधा) नहीं है। पार्किंग न होने की वजह से लोग अपनी गाड़ियां सड़कों पर ही खड़ी कर देते थे, जिससे बाजार में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी।

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए स्थानीय व्यापारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने कई बार जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) से मुलाकात कर गुहार लगाई थी।

ट्रैफिक इंचार्ज राधेश्याम सांखला के नेतृत्व में पुलिस और नगर परिषद की टीमों ने गांधी चौक पर बने टैक्सी स्टैंड और रेहड़ी-ठेला संचालकों को वहां से हटाकर दूसरी जगहों पर शिफ्ट कर दिया।

**रेहड़ी-ठेला संचालकों ने हटाया अतिक्रमण**

जैसे ही प्रशासन की टीम जाब्ते के साथ गांधी चौक पहुंची, अवैध रूप से राह रोककर खड़े रेहड़ी और ठेला संचालकों में हड़कंप मच गया। कई लोगों ने खुद ही अपने ठेले पीछे हटा लिए।

ट्रैफिक इंचार्ज राधेश्याम सांखला ने बताया व्यापारियों और आम जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। आए दिन लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए गांधी चौक को पूरी तरह खाली कराकर अब वहां व्यवस्थित पार्किंग बनाई जा रही है। इससे बाजार आने वाले ग्राहकों को अपनी गाड़ियां खड़ी करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।